मंगलवार, 17 फरवरी 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 29 |
| आर्द्रता | 35% |
| सूर्योदय: 06:08 | सूर्यास्त: 17:34 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा



निसांका के नाबाद शतक से ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर श्रीलंका सुपर आठ में पहुंचा पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सकारात्मक सोच और अच्छे लोगों की संगत जीवन को सही दिखा देती है।




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# एसआईआर में गड़बड़ी पर चुनाव आयोग सख्त, सात अधिकारी निलंबित

## सरकार को अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्देश



**नयी दिल्ली/कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी विधिक प्रावधान के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पश्चिम बंगाल में सात अधिकारियों को गंभीर कदाचार, कर्तव्य में लापरवाही और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े वैधानिक अधिकारों के दुरुपयोग के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ये सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के लिए सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। चुनाव आयोग ने जिन अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया है, उनमें मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज विधानसभा क्षेत्र से रहमान, मुर्शिदाबाद के फरक्का से नीतीश दास, जलपाईगुड़ी के मयनागुड़ी से दलिया रे चौधरी, मुर्शिदाबाद के सुती से मुर्शिद आलम, दक्षिण 24 परगना के कैनिंग (पूर्व) से सत्यजीत दास और जॉयदीप कुंडू व पश्चिम मेदिनीपुर के डेबरा से देवाशीष बिस्वास शामिल हैं। आदेशों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को निर्देश दिया है कि संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग के जरिए इन अधिकारियों के खिलाफ तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करें और इसकी जानकारी आयोग को दें।

### नहीं चलेंगे आवास योजनाओं के दस्तावेज, चुनाव आयोग ने जारी किया स्पष्टीकरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग की ओर से सोमवार को जारी उस स्पष्टीकरण को लेकर सियासी विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकारों की ग्रामीण आवास योजनाओं के तहत जारी निधि स्वीकृति पत्र मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास से जुड़ी सुनवाई में स्वीकार्य दस्तावेज नहीं हैं। निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय की ओर से उठाए गए एक सवाल पर स्पष्टीकरण देने वाले पत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) और बांग्लार बाड़ी (ग्रामीण) जैसी सरकारी आवास योजनाओं के तहत जारी निधि स्वीकृति पत्रों को एसआईआर सुनवाई के लिए वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया। आयोग ने पत्र में अक्टूबर 2025 के अपने एक निर्देश और शीर्ष अदालत के नौ फरवरी के आदेश का जिक्र करते हुए कहा कि आयोग ने 27.10.25 के अपने एसआईआर निर्देश में 'सरकार की ओर से जारी किसी भी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र' को स्वीकार्य दस्तावेजों में से एक के रूप में निर्दिष्ट किया था। पीएमएवाई-जी, आईएवाई और बांग्लार बाड़ी (ग्रामीण) जैसी योजनाओं के तहत जारी निधि स्वीकृति पत्र माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश या ऊपर उल्लिखित एसआईआर निर्देशों में शामिल दस्तावेज नहीं हैं।

### फॉर्म-7 के तहत दायर आपत्तियों और दावों का शीघ्र निपटारा किया जाये : निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एसआईआर प्रक्रिया के प्रपत्र-सात के तहत दायर दावों और आपत्तियों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करें। आयोग ने दोहराया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की सूचना 10 फरवरी को ही राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को दे दी गई थी। पत्र में कहा गया कि 'आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को निर्देश दिया है कि सीईओ और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के कार्यालयों में अब तक प्राप्त सभी आपत्तियों को 16 फरवरी तक संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) को भेज दिया जाये। इस निर्देश में प्रपत्र-सात आपत्तियों के रिकॉर्ड को कथित तौर पर जलाने की खबरों का हवाला दिया गया है, जिस मुद्दे पर आयोग ने संज्ञान लिया है। निर्वाचन आयोग के सचिव सुजीत कुमार मिश्रा द्वारा सीईओ के कार्यालय को जारी पत्र में आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा निर्धारित ढांचे और समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पत्र में सीईओ के कार्यालय को यह भी निर्देश दिया गया कि वह उच्चतम न्यायालय के नौ फरवरी के आदेश के साथ-साथ 27 अक्टूबर, 2025 के एसआईआर निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करे।

## प्रधानमंत्री ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो' का उद्घाटन किया, स्टार्टअप के साथ की बातचीत



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी गतिविधियों पर केंद्रित प्रदर्शनी 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो' का उद्घाटन किया। इसमें 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप भाग ले रहे हैं। साथ ही 13 देशों के मंडप भी स्थापित किए गए हैं, जो एआई क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद इसमें हिस्सा ले रही स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी किया। वह विभिन्न स्टॉल गये और प्रदर्शनी में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधियों से उनके द्वारा प्रदर्शित उत्पादों के बारे में सवाल पूछे। प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए विभिन्न स्टॉल पर कई मिनट बिताए। यह एक्सपो देश में उभरती एआई परिवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस प्रदर्शनी में वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियां, स्टार्टअप, शैक्षणिक संस्थान एवं शोध संगठन, केंद्र एवं राज्य सरकारों के प्रतिनिधि और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय साझेदार एक मंच पर इकट्ठा हुए हैं। लगभग 70,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली यह प्रदर्शनी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप, अकादमिक और अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाती है। प्रदर्शनी में 13 देशों के मंडप भी हैं, जो कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करते हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका के मंडप शामिल हैं। प्रदर्शनी में 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप शामिल होंगे, जिनमें से कई वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक और आम लोगों के लिए समाधान विकसित कर रहे हैं।

## कल बंगाल दौरे पर पहुंचेंगे अमित शाह, इस्कॉन मंदिर में विशेष कार्यक्रम में करेंगे शिरकत



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में विधानसभा चुनाव जल्द ही होने वाले हैं। इसको देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 18 फरवरी को फिर से बंगाल के दौरे पर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार, वह नदिया जिले के मायापुर स्थित इस्कॉन मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, भाजपा नेताओं का कहना है कि इस बार कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। कार्यक्रम के मुताबिक, अमित शाह बुधवार को दोपहर 1.35 बजे विशेष विमान से कोलकाता एयरपोर्ट पर उतरेंगे। इसके बाद, वह वहां से बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से सीधे नदिया के मायापुर के लिए रवाना होंगे। शाह वहां पर दोपहर 2.25 बजे से शाम 4.25 बजे तक इस्कॉन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि वह पहले इस्कॉन के शंखभवन और फिर पद्मभवन जाएंगे। इस दौरान उनकी संतों के साथ एक खास बैठक होने की संभावना है। इसके बाद, गृह मंत्री श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती ठाकुर की 152वीं जयंती में शामिल होंगे। इसके बाद, उनके दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

## प्रधानमंत्री मोदी 25 और 26 फरवरी को इजराइल दौरे पर रहेंगे

**यरुशलम :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 फरवरी को दो दिवसीय इज़राइल दौरे पर रहेंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को संपन्न ''कॉन्फ्रेंस ऑफ प्रेसिडेंट्स ऑफ मेजर अमेरिकन ज्यूइश ऑर्गनाइजेशंस'' को संबोधित करते हुए मोदी की यात्रा की घोषणा की। नेतन्याहू ने कहा, संसद में संबोधन प्रस्तावित है। अगले सप्ताह यहां कौन आ रहे हैं? नरेन्द्र मोदी। उन्होंने कहा, इज़राइल और भारत के बीच गहरी साझेदारी है और हम विभिन्न प्रकार के सहयोग पर चर्चा करने जा रहे हैं। आप जानते हैं कि भारत कोई छोटा देश नहीं है। इसकी आबादी 1.4 अरब है। भारत अत्यंत शक्तिशाली और अत्यंत लोकप्रिय है।

## जेईई मेन्स नतीजे : परीक्षा के पहले संस्करण में 12 अभ्यर्थियों को 'परफेक्ट 100'

**नयी दिल्ली :** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मुख्य 2026 में 12 अभ्यर्थियों ने 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें से अधिकांश राजस्थान से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को यह घोषणा की। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13.04 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। सूत्रों के अनुसार, छात्रों और अन्य हितधारकों द्वारा विसंगतियों को उजागर किए जाने के बाद अंतिम उत्तर कुंजी से कम से कम नौ प्रश्न हटा दिए गए। एक सूत्र ने बताया, कई पालियों में हटाए गए नौ प्रश्नों के लिए, उस विशेष पाली में उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को पूरे अंक दिए जाएंगे। पिछले साल ऐसे सवालों की संख्या छह थी। जिन प्रतिभागियों ने एनटीए में 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, उनमें से तीन राजस्थान से, दो आंध्र प्रदेश से और एक-एक दिल्ली, बिहार, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना से हैं। ये सभी 12 अभ्यर्थी लड़के हैं और इनमें से 11 सामान्य श्रेणी से हैं। शीर्ष अभ्यर्थियों में - राजस्थान से कबीर छिल्लर, चिरंजीव कर और अर्नव गौतम, आंध्र प्रदेश से नरेंद्रबाबू गारी माहिथ और पासाला मोहित, श्रेयस मिश्रा (दिल्ली), शुभम कुमार (बिहार), भावेश पात्रा (ओडिशा), अनय जैन (हरियाणा), माधव विराडिया (महाराष्ट्र), पुरोहित निमय (गुजरात) और विवान शरद माहिश्वरी (तेलंगाना) शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार, एनटीए स्कोर प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं है, बल्कि यह मानकीकृत स्कोर है।

## कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य : सीबीएसई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है और जो विद्यार्थी पहले चरण में कम से कम तीन विषयों में उपस्थित नहीं होते हैं, उन्हें ''अनिवार्य पुनरावृत्ति'' श्रेणी में रखा जायेगा। सीबीएसई 2026 से कक्षा 10वीं के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने जा रहा है। बोर्ड द्वारा यह स्पष्टीकरण कुछ अनुरोध प्राप्त होने के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि कुछ कारणों से कक्षा 10वीं के जो विद्यार्थी पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जानी चाहिए। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, ''सभी विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है। सभी उत्तीर्ण और पात्र विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति दी जायेगी।'' उन्होंने कहा, ''यदि कोई विद्यार्थी पहली परीक्षा में तीन या अधिक विषयों में उपस्थित नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे विद्यार्थियों को ''अनिवार्य पुनरावृत्ति'' श्रेणी में रखा जायेगा और वे अगले वर्ष फरवरी में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षाओं में ही परीक्षा दे सकेंगे।''

## शादी से पहले किसी पर भी भरोसा मत करो: उच्चतम न्यायालय

### कथित झूठे विवाह-वादे पर संबंध बनाने का मामला



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शादी से पहले लड़का और लड़की ''पूरी तरह से अजनबी'' होते हैं और उन्हें शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने में सतर्कता बरतनी चाहिए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ शादी का झूठा वादा करके बलात्कार करने के आरोपी एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने महिला से सवाल किया कि वह शारीरिक संबंध बनाने के लिए दुबई तक इतनी दूर क्यों गई। पीठ ने कहा, ''यह आपसी सहमति से होता है। हम भले ही पुराने ख्यालों के हों, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की एक-दूसरे के लिए बिल्कुल अजनबी होते हैं। शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने में उन्हें सतर्कता बरतनी चाहिए।'' न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, ''उनके रिश्ते में चाहे जो भी उतार-चढ़ाव हों, हम यह समझने में असमर्थ हैं कि वे शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं। हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों, लेकिन आपको बहुत सतर्क रहना चाहिए; शादी से पहले किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए।'' महिला के वकील ने कहा कि उनकी मुलाकात 2022 में एक वैवाहिक वेबसाइट पर हुई थी और उसने कथित तौर पर शादी का झूठा वादा करके दिल्ली और बाद में दुबई में कई मौकों पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने महिला से पूछा कि उन्हें दुबई जाने की क्या आवश्यकता थी और उन्होंने टिप्पणी की कि यह आपसी सहमति से बने संबंध का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा, ''यदि वह इस मामले में इतनी सख्त थी तो उन्हें शादी से पहले नहीं जाना चाहिए था। हम उन्हें मध्यस्थता के लिए भेजेंगे। ये ऐसे मामले नहीं हैं जिनमें आपसी सहमति से संबंध होने पर मुकदमा चलाया जाए और सजा दी जाए।''

## जनवरी में अमेरिका को भारत का निर्यात 22 प्रतिशत घटकर 6.6 अरब डॉलर रहा

**नयी दिल्ली :** अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क के बीच जनवरी में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.77 प्रतिशत घटकर 6.6 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले साल सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर में भी निर्यात में गिरावट देखी गई थी, जबकि नवंबर में यह 22.61 प्रतिशत बढ़ा था।

## तारिक रहमान कल बांग्लादेश के नये प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे



**ढाका :** बांग्लादेश में आम चुनावों में अपनी पार्टी बीएनपी को शानदार जीत दिलाने के बाद तारिक रहमान देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में मंगलवार को पद की शपथ लेंगे। रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 297 में से 209 सीट जीती, जबकि कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी ने 13वें संसदीय चुनाव में 68 सीट हासिल की हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। लंबे समय से चली आ रही एक परंपरा को तोड़ते हुए बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान (60) का शपथ ग्रहण समारोह बंगभवन के बजाय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जाएगा। सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन मंगलवार दोपहर को जातीय संसद (देश का संसद) के साउथ प्लाजा में नये मंत्रिमंडल सदस्यों को शपथ दिलाएंगे।

## राजस्थान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जले



**भिवाड़ी (रेवाड़ी) :** राजस्थान के भिवाड़ी क्षेत्र में स्थित खुशखेड़ा करौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। केमिकल और पटाखा बनाने वाली एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से 8 मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गइ है। हादसे के समय फैक्ट्री में करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। आग सुबह लगभग साढ़े नौ बजे लगी और देखते ही देखते पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार, गश्त के दौरान पुलिस को फैक्ट्री से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। एडीएम सुमिता मिश्रा ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। फैक्ट्री में केमिकल के साथ पटाखे भी बनाए जाते थे, जिससे आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री मालिक का नाम राजेंद्र बताया जा रहा है। आग बुझाने के लिए खुशखेड़ा और भिवाड़ी रीको फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं। दमकल कर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कई मजदूरों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कई शव बुरी तरह जल चुके थे। कुछ शवों के केवल कंकाल ही शेष रह गए। मौके पर बॉडी पार्ट्स के टुकड़े बिखरे मिले, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने प्लास्टिक बैग में इकट्ठा किया। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



# आध्यात्मिक उन्नति संग स्वास्थ्य को संबल

हमारे पर्व, त्योहार व व्रत, जहां सनातन आस्था, ऋतु चक्र और सामाजिक समरसता को संबल देते हैं, वहीं इनका सीधा रिश्ता हमारे स्वास्थ्य संवर्धन से भी जुड़ा है। देश में शिवरात्रि का पर्व ऐसे ऋतु परिवर्तन के सुहाने मौसम में आता है, जब शीत ऋतु विदा ले रही होती है और गुनगुनी धूप में ऊष्मा हमें ऊर्जावान बना रही होती है। सही मायनों में हमारे व्रत-त्योहार हमारी सनातन आस्था को संबल तो देते ही हैं, हमारे मनोकायिक रोगों का उपचार भी करते हैं। इस दिन लोग तनावभरी व मशीनीकृत जिंदगी से इतर शिवालयों में लंबी कतार लगाकर अपने आराध्य का जलाभिषेक करते हैं। घरों से निकलकर लोगों का आपस मिलना-जुलना होता है। जगह-जगह लगे दूध-फल के भंडारे समाज में दान व समरसता के मानवीय भाव को संबल देते हैं। सही मायने में हम इस दिन कृत्रिमता त्याग सहजता का जीवन जीते हैं। प्रकृति बदलते मौसम के अनुरूप कुछ खास फल भी इसके व्रत के लिए उपलब्ध कराती है, जो हमारे वात, पित्त व कफ को संतुलित करके हमें स्वस्थ बनाते हैं। निस्संदेह, शिवरात्रि आस्था, संयम व साधना का पर्व है। शिव जो संहारक भी हैं तो मानवता के कल्याण के लिए गरल पान करने वाले और धरती पर जीवन देने वाली गंगा का अवतरण करने वाले भी हैं। उनके अनुचर वे जीव-जंतु हैं, जो पारिस्थितकीय संतुलन के लिए बेहद जरूरी हैं। शिवरात्रि आध्यात्मिक उन्नति की रात्रि तो है ही, व्रत के जरिये संयम व साधना का मौका भी देती है। मौसमी बदलाव के दौरान व्रत हमारे पाचनतंत्र को नई ऊर्जा देते हैं।

निस्संदेह, हमारे पर्व व त्योहार तमाम सनातन कथाओं और आस्था की परंपराओं से जुड़े हैं। लेकिन सही मायनों में इनका लक्ष्य श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का संवर्धन करना भी है। हमारे प्रतिष्ठित शिवालय प्रकृति की मनोहारी गोद और जल स्रोतों के निकट स्थित हैं, जहां श्रद्धालुओं को एक प्राकृतिक परिवेश में आध्यात्मिक लाभ के साथ मानसिक शांति भी मिलती है। तीर्थाटन हमारी अर्थव्यवस्था को भी गति देता है। हमारी शारीरिक गतिशीलता और आस्था का उल्लास हमें पूरे दिन एक विशिष्ट ऊर्जा से भर देता है। हम प्रसन्नचित महसूस करते हैं। हर छोटे-बड़े शहर, कस्बे से लेकर गांव में शिव आस्था की अनूठी ऊर्जावान तरंग से हमें एक आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर देती हैं। जो हमारे दैनिक जीवन की एकरसता को खत्म करती है। तमाम वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि प्राकृतिक वातावरण में सहजता और सरलता का व्यवहार हमारे उच्च रक्तचाप को कम करने में खासा मददगार होता है। सही मायने में हमारा कृत्रिम व्यवहार ही तनाव व हाइपरटेंशन का कारक बनता है। हमारे पर्व-त्योहार मंदिरों की लंबी कतारों में ऊंच-नीच, छोटे-बड़े और तमाम तरह के भेद को खत्म करके हमें इंसान मात्र होने का बोध कराते हैं। सहज जीवन स्वस्थ शरीर के लिए अपरिहार्य शर्त भी है। हमारे पूर्वजों ने पर्व-त्योहारों के जरिये मानवता, परमार्थ, समरसता और सहयोग-सामंजस्य के गुण विकसित करके हमारा एक अच्छा इंसान बनने का मार्ग ही प्रशस्त किया है। पर्व-त्योहार व व्रत हमें तमाम सकारात्मक भावों से भर देते हैं।

## बांगलादेश संसद के लिए दो हिंदुओं समेत अल्पसंख्यक समुदाय के चार उम्मीदवार निर्वाचित

**ढाका :** बांग्लादेश में हाल में हुए आम चुनावों में अल्पसंख्यक समुदायों के चार उम्मीदवारों ने जीत हासिल की, जिनमें दो हिंदू भी शामिल हैं। ये सभी उम्मीदवार बीएनपी के थे। बीएनपी मंगलवार को सरकार बनाने वाली है। गोयेश्वर चंद्र रॉय और निताई रॉय चौधरी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के टिकट पर चुनाव जीतने वाले दो हिंदू उम्मीदवार हैं। उन्होंने ढाका की एक सीट और पश्चिमी मागुरा निर्वाचन क्षेत्र से जमात-ए-इस्लामी द्वारा मैदान में उतारे गए अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर जीत हासिल की। रॉय बीएनपी की नीति-निर्माण संबंधी शीर्ष स्थायी समिति के सदस्य हैं, जबकि चौधरी पार्टी के प्रमुख उपाध्यक्षों में से एक होने के साथ-साथ इसके शीर्ष नेतृत्व के लिए एक वरिष्ठ सलाहकार और रणनीतिकार भी हैं। तीसरे अल्पसंख्यक सांसद निर्वाचित हुए हैं साचिंग पुरू, जो बीएनपी के वरिष्ठ नेता और बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं। वह दक्षिणी पहाड़ी जिले बंदरबन के मरमा जनजातीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें बंदरबन से चुनाव में जीत मिली है। चौथे अल्पसंख्यक उम्मीदवार दिपेन दीवान, बौद्ध बहुसंख्यक चकमा जातीय अल्पसंख्यक समूह से संबंधित हैं, जिन्होंने दक्षिण-पूर्वी रंगमती पहाड़ी जिले के एक निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 फरवरी, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष अमावस्या, 17:27 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 21:04 तक, योग : परिघा, 24:20 तक, सूर्योदय: 06:14, सूर्यास्त: 17:00, चन्द्रोदय : 05:56, चन्द्रास्त: 17:29, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 14:40 से 16:05

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों को मंगलवार के दिन धीरे-धीरे भाग्य का साथ मिलेगा। इस दौरान बढ़ते हुए आर्थिक कष्टों से मुक्ति मिलेगी। काफी संघर्ष के बाद आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी।

**वृष :** मंगलवार के दिन वृषभ राशि के जातकों के घर-परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए आपको प्रयास करने होंगे।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन तेजी से आगे बढ़ने का है। इस दौरान आपको उन्नति और उपलब्धियां प्राप्त होंगी। इस सफलता को देखकर सभी हैरान रह जाएंगे।

**कर्क :** आज के दिन परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित रहेंगे। किसी बहन-भाई की सेवा में दिन व्यतीत होगा। परिवार के लोगों के प्रति लगाव किसी से छिपा नहीं है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को कारोबार में थोड़ी परेशानी हो सकती है। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय में चल रहा उतार-चढ़ाव इसकी वजह बन सकता है।

**कन्या :** आपकी राशि का स्वामी तृतीय घर में आ चुका है, सूर्य के साथ तप्त विकल है। विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी। हालांकि उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे।

**तुला :** आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। शुक्र के कारण कुछ परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में भी आपको विरोधियों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक :** आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में आपकी नई योजना सफल होगी।

**धनु :** आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है। रात्रि के समय मांगलिक अवसरों में जाने का अवसर मिलेगा।

**मकर :** आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेने का दिन है। इसके कारण समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। ग्रहों की चाल के कारण आपको भाग्य का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुम्भ :** आज के दिन कुंभ राशि के जातकों को उच्च अधिकारियों की घनिष्ठता का लाभ मिलेगा। आज दिन भर आपके लिए सकारात्मक रहेगा। यात्रा का संयोग बन रहा है।

**मीन :** आपकी राशि का स्वामी-देव गुरु बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का भण्डार है। ऐसे में मंगलवार का दिन उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खोलेगा। अध्ययन व अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी।

# श्रम संहिताएंः एक नई दृष्टि

प्रो बीजू वर्के, डॉ शैलजा त्रिपाठी

चार श्रम संहिताओं की 21 नवंबर, 2025 को आधिकारिक घोषणा के साथ ही एक नए युग की शुरुआत हो गई है। यह घोषणा भारत की श्रम कानून व्यवस्था में एक बड़े ढांचागत सुधार का संकेत है। अनुमानों के अनुरूप ही इसकी सराहना और आलोचना, दोनों ही की गई है। बहुप्रतीक्षित श्रम कानून सुधारों ने कामगारों से संबंधित 29 से ज्यादा कानूनों को चार व्यापक संहिताओं में समेट दिया है।

भारतीय श्रम कानूनों में सुधारों की मांग लंबे अरसे से चली आ रही थी। इस संबंध में समय-समय पर सीमित घोषणाएं की गईं और उन्हें टुकड़ों में लागू किया गया। सभी हितधारक इस बात पर सहमत थे कि देश को आगे ले जाने के लिए एक उत्पादक, समावेशी और सशक्त कार्यबल तथा कामकाज का उपयुक्त परिवेश जरूरी है। बदलाव की इच्छा सब में होने के बावजूद हर हितधारक की अपनी अलग-अलग उम्मीदें और चिंताएँ थीं।

इन सुधारों का उद्देश्य श्रमिक कल्याण को मजबूती देना और अनुपालन को सरल बनाना है। श्रम नियमन के ढांचे को वर्तमान आर्थिक और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना तथा व्यवसाय सुगमता में वृद्धि के उपायों को मजबूत करना भी इनका उद्देश्य रहा है। इन सुधारों के तहत 29 महत्वपूर्ण कानूनों को वेतन, सामाजिक संरक्षा, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा औद्योगिक संबंध से जुड़ी चार संहिताओं में समेट दिया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य श्रमिकों के कामकाज को औपचारिक रूप देना, कानून के दायरे से अब तक बाहर रहे अनौपचारिक, अस्थाई और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए काम करने वाले कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, महिला अधिकारों का संवर्द्धन तथा सभी क्षेत्रों में नियोक्ता-श्रमिक संबंधों को आधुनिक बनाना है।

नई श्रम संहिताओं की नीचे वर्णित कुछ विशिष्टताएं उन्हें देश की मौजूदा और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाती हैं-

सुदृढ़ीकरण और सामंजस्यः भारत के श्रम कानून ऐतिहासिक तौर पर विभाजित तथा परिभाषाओं की बहुलता और सख्त अनुपालन व्यवस्थाओं से ग्रसित थे। नियोक्ताओं को एकदूसरे से मिलती-जुलती अनेक नियामक जरूरतों का सामना करना पड़ता था। श्रमिक और खास तौर से असंगठित कामगार आम तौर पर वैधानिक संरक्षण के दायरे से बाहर थे। श्रम संहिताओं ने अनुपालन की पिछली जटिल प्रणाली को समरूप परिभाषाओं, डिजिटल प्रक्रियाओं और विस्तारित दायरे से सरल बनाया है।

सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों का अनुपालनः सुधारों में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों को शामिल किया गया है। इन कार्य सिद्धांतों में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगारों का सृजन, श्रमिक अधिकारों और समानता का संरक्षण तथा सामाजिक सुरक्षा और संवाद शामिल है।

अनुपालन का सरलीकरणः पुरानी प्रणाली में अत्यधिक कागजी कार्रवाई, निरीक्षणों पर अतिनिर्भरता और कमजोर अनुपालन जैसी खामियां थीं। नई संहिताओं में अनुपालन प्रणालियों को सुचारू बनाने के साथ ही उल्लंघनों को रोकने के लिए कठोर दंड की व्यवस्था की गई है।

संवहनीय विकास लक्ष्यों के साथ तालमेलः ये संहिताएं श्रमिक अधिकारों को मजबूत कर, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करते हुए तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देकर संवहनीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) 8 को आगे बढ़ाती हैं। इसके अलावा ये एसडीजी 1,3,5 और 10 को हासिल करने में भी सहायक हैं।

कार्य संबंधी भविष्य की जरूरतों के अनुरूपः इन संहिताओं में तेज आर्थिक और प्रौद्योगिकीय बदलावों को ध्यान में रखा गया है। इनमें विस्तारित परिभाषाओं, पुनर्प्रशिक्षण के प्रावधानों, व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवरेज और वैकल्पिक कार्य व्यवस्थाओं के औपचारीकरण के जरिए भविष्य की कार्य संबंधी चिंताओं का निराकरण किया गया है।

**संहिताओं की मुख्य विशेषताएं और उनका प्रभावः**

वेतन संहिता, 2019: यह संहिता पिछले चार कानूनों को एकीकृत करती है और मजदूरी की एक समान परिभाषा तथा 'राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी' की अवधारणा पेश करती है। यह व्यापक और अधिक सुसंगत वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करती है, समय पर भुगतान को अनिवार्य बनाती है, और समान पारिश्रमिक के नियम को सुदृढ़ करती है, जिससे आय सुरक्षा मजबूत होती है और विवादों में कमी आती है।

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020: यह संहिता मजदूर संगठनों, औद्योगिक विवादों और स्थायी आदेशों को नियंत्रित करने वाले कानूनों को एक साथ लाती है। यह विवाद समाधान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करती है, निश्चित समय-सीमा निर्धारित करती है और हड़ताल, कामबंदी तथा छंटनी से जुड़े नियमों को तर्कसंगत बनाती है। जहाँ यह नियोक्ताओं को परिचालन के लिए लचीलापन प्रदान करती है, वहीं सामूहिक सौदेबाजी और कानूनी समाधान के लिए सुरक्षा उपायों को भी बरकरार रखती है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020: यह संहिता संगठित क्षेत्र से आगे जाकर सुरक्षा के दायरे का विस्तार करके एक बड़े बदलाव का संकेत देती है। इसके अंतर्गत गिग कामगारों, प्लेटफॉर्म के जरिये काम करने वाले श्रमिकों को भविष्य निधि, बीमा, मातृत्व लाभ और वृद्धावस्था सुरक्षा से संबंधित वैधानिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का प्रावधान किया गया है।

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति (ओएसएच) संहिता, 2020: यह ओएसएच संहिता सुरक्षा से संबंधित कई कानूनों को एक एकीकृत ढांचे में समाहित करती है। यह कार्यस्थल सुरक्षा मानदंडों का मानकीकरण करती है, नियामक निरीक्षण को मजबूत करती है और सभी क्षेत्रों में इसे लागू करने में सुधार करती है।

**आगे की राह क्या है?**

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान द्वारा नए श्रम कानूनों के बारे में नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि इन संहिताओं ने बेहतर भविष्य के प्रति सकारात्मक उम्मीद जगाई है। जहाँ 64% श्रमिकों का मानना है कि संहिताओं के लागू होने से आय सुरक्षा बढ़ेगी, वहीं नियोक्ताओं ने भी निश्चित अवधि के रोजगार अनुबंधों (64%) और कार्यस्थल सुरक्षा (73%) को लेकर इसी तरह के भाव व्यक्त किए हैं। दोनों ही हितधारक इन संहिताओं को एक ऐसे साधन के रूप में देखते हैं जो दोनों पक्षों के अनुभवों को बेहतर बनाएगा।

चारों श्रम संहिताएं भारत के श्रम शासन में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक हैं। पुराने पड़ चुके कानूनों को एकीकरण, सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार और नियोक्ताओं के लचीलेपन तथा श्रमिक सुरक्षा के बीच संतुलन बनाकर, इन सुधारों का उद्देश्य एक अधिक कुशल, समावेशी और विकासोन्मुखी श्रम बाजार बनाना है। चूंकि ये संहिताएं कार्यान्वयन के शुरुआती चरण में हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी हितधारक इन्हें खुले मन से अपनाएं और 'विफलता से सीखकर तेजी से सुधार' करने वाला दृष्टिकोण रखें। इनकी अंतिम सफलता इनके प्रभावी कार्यान्वयन, हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने और संवैधानिक मूल्यों तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों की तरह निरंतर अमल में लाने पर निर्भर करेगी।

(लेखक, प्रो. बीजू वर्के आईआईएम अहमदाबाद में प्रोफेसर और डॉ शैलजा त्रिपाठी वेजइंडिकेटर हैं)

# मणिशंकर अय्यर के बयानों से अब कांग्रेस में हंगामा



अजय कुमार

केरल चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। शशि थरूर का मामला अभी सुलझा भी नहीं पाया था कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने नया विवाद खड़ा कर दिया। अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बारे में ऐसा बयान दिया कि पूरी पार्टी सकते में आ गई। उन्होंने कहा कि पिनराई विजयन मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस बयान ने पार्टी में हड़कंप मचा दिया। कांग्रेस ने तुरंत सफाई दी कि अय्यर अब पार्टी के सदस्य नहीं हैं। लेकिन मामला यहीं शांत होने वाला नहीं था। अय्यर ने फिर से एक साक्षात्कार में पार्टी के कई बड़े नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने पवन खेड़ा को कठपुतली कहा और शशि थरूर तथा जयराम रमेश पर भी तीखे प्रहार किए। अय्यर का कहना था कि केरल में आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीत नहीं पाएगी। कारण बताया कि कांग्रेसी नेता कम्युनिस्टों से जितनी नफरत करते हैं, उससे कहीं ज्यादा आपस में नफरत करते हैं। इन बयानों ने पार्टी की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।वैसे अय्यर की नाराजगी पुरानी नहीं है। वे लंबे समय से पार्टी नेतृत्व की आलोचना करते आ रहे हैं। लेकिन इस बार उनके शब्दों ने चुनावी माहौल को गरमा दिया। केरल में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस को मजबूत विपक्ष के रूप में उभरना था। माकपा सरकार के खिलाफ लामबंदी करनी थी। लेकिन आंतरिक कलह ने सबकी मुश्किलें बढ़ा दीं। अय्यर ने पिनराई विजयन को मुख्यमंत्री बने रहने का भरोसा जताया तो यह पार्टी के लिए अपमानजनक लगा। विजयन लेफ्ट सरकार के चेहरे हैं और कांग्रेस का मुख्य निशाना। ऐसे में किसी पूर्व नेता का यह बयान तोड़फोड़ जैसा ही था। पार्टी ने कहा कि अय्यर का नाम सदस्य सूची से हटा दिया गया है। फिर भी अय्यर चुप नहीं रहे। उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि पवन खेड़ा जैसे नेता सिर्फ उच्च नेतृत्व के इशारे पर बोलते हैं। शशि थरूर को महत्वाकांक्षी बताया और जयराम रमेश पर व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं। इन हमलों ने पार्टी के केरल नेतृत्व को असहज कर दिया।

यह पहली बार नहीं है जब मणिशंकर अय्यर ने विवादास्पद बयान दिए हों। 2017 में उन्होंने पाकिस्तान के एक कार्यक्रम में जाकर नेहरू को गंगा-मैया का पुत्र कहा था। उस समय भी पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया था। फिर 2019 लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नीच कहा था। यह बयान सुर्खियों में रहा और पार्टी को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। अय्यर ने सफाई दी कि उनका इशारा मोदी की सोच पर था, लेकिन नुकसान हो चुका था। केरल में भी वे कई बार लेफ्ट नेताओं की तारीफ कर चुके हैं। एक बार उन्होंने कहा था कि पिनराई विजयन अच्छा प्रशासक हैं। ऐसे बयान विपक्षी एकता को कमजोर करते हैं। अब फिर से चुनावी साल में यही गलती दोहराई गई। विश्लेषकों का मानना है कि अय्यर की नाराजगी पार्टी के पुराने नेताओं के साथ उपेक्षा से उपजी है। वे खुद कभी केंद्रीय मंत्री रहे, लेकिन अब हाशिए पर हैं। उनकी बात को युवा नेता नजरअंदाज करते हैं। इससे उनकी भड़ास निकल रही है।कांग्रेस के लिए यह स्थिति चिंताजनक है। केरल में लेफ्ट और भाजपा दोनों मजबूत हैं। 2021 चुनाव में कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन इस बार आंतरिक मतभेद साफ दिख रहे हैं। शशि थरूर जैसे नेता अपनी दावेदारी कर रहे हैं। अय्यर ने उनकी आलोचना कर फूट डाली। पार्टी नेतृत्व ने अय्यर से दूरी बनाई, लेकिन उनका प्रभाव अभी भी है। सोशल मीडिया पर उनके बयान वायरल हो रहे हैं। विपक्षी दल इसका फायदा उठा रहे हैं। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस कम्युनिस्टों की कठपुतली है। लेफ्ट का तर्क है कि कांग्रेसी आपस में ही लड़ रहे हैं। अय्यर के बयान ने यह धारणा मजबूत कर दी। पार्टी को अब एकजुट होने की जरूरत है। लेकिन पुराने विवाद फिर ताजा हो गए। अय्यर की नाराजगी बढ़ती जा रही है। वे कहते हैं कि कांग्रेस का वर्तमान स्वरूप बदल गया है। पहले सिद्धांतों पर चलती थी, अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं हावी हैं।

इस पूरे घटनाक्रम से केरल कांग्रेस की रणनीति पर असर पड़ेगा। चुनाव में जीत के लिए एकजुटता जरूरी है। लेकिन नेताओं के आपसी हमले मतदाताओं को निराश कर रहे हैं। अय्यर जैसे वरिष्ठ नेता अगर बाहर से ही आलोचना करेंगे तो संगठन कमजोर होगा। पार्टी को चाहिए कि पुराने विवाद सुलझाए। नए नेताओं को साथ ले। केरल मतदाता समझदार हैं। वे आंतरिक कलह देखकर वोट नहीं देंगे। अय्यर को शांत करने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन उनका पुराना इतिहास देखें तो मुश्किल लगता है। वे अपनी बात पर अड़े रहते हैं। अब देखना यह है कि पार्टी कैसे इस संकट से उबरती है। चुनाव नजदीक हैं और हर बयान गूंज रहा है। कांग्रेस को मजबूत विपक्ष बनना होगा, वरना लेफ्ट फिर सत्ता में लौट आएगा। अय्यर का सिरदर्द अभी बना रहेगा।केरल चुनाव से पहले कांग्रेस को मणिशंकर अय्यर ने परेशान कर दिया। शशि थरूर का मुद्दा सुलझा नहीं कि अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को बने रहने का भरोसा जताया। पार्टी ने कहा, वे अब सदस्य नहीं। फिर साक्षात्कार में अय्यर ने पवन खेड़ा को कठपुतली कहा, शशि थरूर और जयराम रमेश पर तीखे वार किए। बोले, कांग्रेसी आपस में कम्युनिस्टों से ज्यादा नफरत करते हैं, इसलिए चुनाव हारेंगे। लेकिन अय्यर का इतिहास विवादों से भरा है, खासकर मोदी और भाजपा के खिलाफ।

बहरहाल,अय्यर ने आज भले ही कांग्रेस के खिलाफ हमला बोला हो,लेकिन उनकी असली पहचान मोदी को गाली देने वाली है।अय्यर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमले किए हैं। 2019 चुनाव से पहले उन्होंने मोदी को नीच कहा। सफाई दी कि नीच सोच की बात की, लेकिन बवाल मच गया। पार्टी ने निलंबन दिया। 2017 में पाकिस्तान जाकर नेहरू पर टिप्पणी की, जिसे भाजपा ने भुनाया। अय्यर ने भाजपा को सांप्रदायिक बताया। कहा, वे हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। राम मंदिर पर बोले, भाजपा का ढोंग है। 2024 चुनाव में भी मोदी की आलोचना की, किसान आंदोलन पर समर्थन दिया। भाजपा ने उन्हें कांग्रेस का असली चेहरा कहा। केरल में लेफ्ट की तारीफ कर भाजपा को निशाना बनाया। अय्यर का मानना है कि भाजपा लोकतंत्र को कुचल रही,ये बयान कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते हैं। केरल में भाजपा मजबूत हो रही, आंतरिक कलह से फायदा। अय्यर की नाराजगी पुरानी है। पार्टी को एकजुट होना चाहिए। वरना चुनावी हार निश्चित। अय्यर मोदी-भाजपा विरोध में आग उगलते रहेंगे, लेकिन पार्टी का सिरदर्द बढ़ेगा।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### जयशंकर ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर अपनी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद के साथ चर्चा की

**म्यूनिख :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने अगले महीने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की संभावित भारत यात्रा से पहले म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय 'सहयोग प्रगाढ़ करने' और 'साझेदारी के अवसरों' पर चर्चा की। 'ग्लोबल अफेयर्स कनाडा' (जीएसी) द्वारा रविवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि सितंबर 2025 के बाद से मंत्रियों के बीच यह पांचवीं बैठक है, जो कनाडा-भारत संबंधों में बढ़ती गति को दर्शाती है। जयशंकर ने शनिवार को हुई बैठक के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात और बातचीत बहुत अच्छी रही। भारत-कनाडा संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं।' दोनों मंत्रियों ने ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ करने पर चर्चा की। आनंद ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'कनाडा-भारत संबंधों और हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए आगामी कार्यों पर चर्चा करने के लिए मेरे भारतीय समकक्ष डॉ. एस जयशंकर से मिलकर अच्छा लगा।

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में बम विस्फोट, एक बच्चे समेत दो की मौत

**पेशावर :** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में सोमवार को एक पुलिस थाने के पास हुए बम विस्फोट में एक बच्चे सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई तथा 16 अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। उत्तरी वजीरिस्तान की सीमा से सटे बन्नू जिले के मेरियन पुलिस थाने के बाहर खड़े एक ऑटो रिक्शा में रखी विस्फोटक सामग्री में जोरदार धमाका हुआ। पुलिस ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए बन्नू जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया।

### चीन में पटाखों की दुकान में विस्फोट, आठ लोगों की मौत

**बीजिंग :** पूर्वी चीन में 'चंद्र नववर्ष' से पहले पटाखों की एक दुकान में विस्फोट होने से आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य मामूली रूप से झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डोंगहाई काउंटी सरकार ने एक बयान में कहा कि जियांग्सू प्रांत के एक गांव में रविवार दोपहर विस्फोट तब हुआ जब एक व्यक्ति ने दुकान के पास पटाखा जला दिया। चीन में चंद्र नववर्ष की आधी रात पटाखे जलाना एक परंपरा है लेकिन हाल के वर्षों में वायु प्रदूषण की वजह से कई स्थानों पर पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। चीन में चंद्र नववर्ष मंगलवार को मनाया जाएगा। रविवार के विस्फोट के बाद, आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने सभी क्षेत्रों से भविष्य की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पटाखों के उत्पादन, परिवहन, बिक्री और उपयोग की निगरानी मजबूत करने का आग्रह किया है।

## वर्ग पहेली नं. 3354



*ऊपर से नीचे:-* 1) भय और आश्चर्य से उत्पन्न होनेवाला सन्नाटा, 2) स्त्री, 3) हुलिया, 4) हराभरा, 5) नरसंहार, 7) निचोड़ना, 10) शिकारगाह, 13) पक्षधर, 14) निकटतम, 17) माननीय, 18) असंस्कृत, 21) स्वच्छ, 24) सीढ़ी, 26) अक़्ल; बुद्धि.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) लगातार; हमेशा, 3) ज़ायका, 6) अनासक्त, 8) विख्यात; चमकदार, 9) भेदभावहीनता, 11) युद्ध, 12) कम ऊँचा, 13) खिंचा; वृक्ष का धड़, 14) मृत्यु, 15) उपहार; निगाह, 16) अपराधमुक्त, 17) तालाब; सिर, 19) नक़ली, 20) विदाई, 22) निर्वाचन, 23) इच्छा, 25) आधा, 27) पड़ोस, 28) अनाड़ी, 29) योगी; संन्यासी.

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3312

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 4 | | | | 1 | | |
| 7 | | | 1 | | | | 5 | |
| | 1 | 8 | | | 5 | | | 2 |
| | 9 | | 2 | 5 | | | | |
| 3 | | | | | 6 | | 1 | |
| | | 7 | | | 9 | | 4 | |
| 5 | | | | | 2 | 4 | | |
| 2 | | | | | | | | 3 |
| | | | 8 | 6 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3311 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 3 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |

## चुनाव से पहले 'युवा साथी' परियोजना बना मास्टरस्ट्रोक,

# दो दिनों में 13.5 लाख से अधिक आवेदन हुए जमा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने 'युवा साथी' परियोजना की घोषणा की है, जो असल में एक महत्वाकांक्षी योजना जैसा है। इस परियोजना के तहत जो युवा माध्यमिक पास कर चुके हैं लेकिन बेरोजगार हैं, उन्हें हर महीने 1,500 रुपये का भत्ता मिलेगा। इस परियोजना के लिए आवेदन प्रक्रिया रविवार से शुरू हुआ और बीते 48 घंटों आवेदकों की संख्या 13.5 लाख से भी अधिक पहुंच गई है। जिलेवार आंकड़ों के अनुसार, कुल आवेदनों के मामले में मुर्शिदाबाद का अल्पसंख्यक बहुल जिला सबसे ऊपर है, जहां दो दिनों में 1,55,846 आवेदन मिले हैं। इसके बाद, दूसरे स्थान पर दक्षिण 24 परगना जिला है, जहां कुल 1,17,515 आवेदन जमा किए गए हैं। इसके बाद, बांकुड़ा में 92,681 और पुरुलिया में 91,545 आवेदन आए हैं। उत्तर 24 परगना में 89,696 लोग अप्लाई कर चुके हैं। हुगली में कुल 74,508 आवेदन आए हैं। नदिया में 67,442 आवेदन मिले हैं। पूर्व बर्दवान में 66,319 आवेदन मिले हैं। पश्चिम मेदिनीपुर में 65,323 फॉर्म जमा पड़े हैं। हावड़ा में 64,376 आवेदन जमा पड़े हैं। पूर्व मेदिनीपुर में 61,672 आवेदन आए हैं। बीरभूम में 48,185 आवेदन आए हैं। जलपाईगुड़ी में 47,750 आवेदन जमा पड़े हैं। कूचबिहार में 46,818 आवेदन जमा पड़े हैं। पश्चिम बर्दवान में 42,151 लोगों ने पंजीकरण करवाया है। उत्तर दिनाजपुर में 41,769, मालदह में 39,476, दक्षिण दिनाजपुर में 33,000, कोलकाता में 32,838, अलीपुरद्वार में 27,124 और झाड़ग्राम में 23,460 आवेदन जमा पड़े है। इधर, पहाड़ी जिलों में, दार्जिलिंग में कुल 19,376 लोगों ने आवेदन जमा की है। सबसे कम आवेदन कलिम्पोंग में जमा हुई हैं, यहां सिर्फ़ 3,939।



--------------------

**❑ बेरोजगारी भत्ते की होड़, पीएचडी धारक भी कतार में शामिल**

राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई युवा साथी योजना ने राज्य में बेरोजगारी की गंभीर स्थिति को उजागर कर दिया है। विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत पंजीकरण कराने के लिए जिलों में युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस 1,500 रुपये मासिक भत्ते को पाने के लिए केवल साधारण स्नातक ही नहीं, बल्कि स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री रखने वाले उच्च शिक्षित युवा भी लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं।

--------------------

**❑ अब ऑनलाइन भी भरा जा सकेगा युवसाथी का फॉर्म, कैंप की भीड़ कम करने के लिए नवान्न का बड़ा कदम**

युवासाथी योजना की आवेदन प्रक्रिया शुरू होते ही विभिन्न कैंपों में भारी भीड़ उमड़ रही है। कुछ स्थानों पर भीड़ के कारण अव्यवस्था और तनाव की स्थिति भी उत्पन्न हुई थी। इसी को देखते हुए नवान्न ने बड़ा फैसला लिया है। अब युवासाथी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी शुरू कर दी गई है। इस निर्णय के तहत आवेदक अब कैंप में लंबी कतार में खड़े हुए बिना घर बैठे ही अपना पंजीकरण कर सकेंगे। इसके लिए आवेदकों को आधिकारिक पोर्टल https://apas.wb.gov.in पर जाना होगा। वेबसाइट पर 'Click to apply' विकल्प पर क्लिक करने के बाद नया पेज खुलेगा, जहां मोबाइल नंबर दर्ज कर रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद आवेदन फॉर्म उपलब्ध होगा। आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड कर फॉर्म सबमिट करना होगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवेदन पत्र डाउनलोड कर सुरक्षित रखना आवश्यक है। सरकार का मानना है कि ऑनलाइन व्यवस्था शुरू होने से कैंपों पर दबाव कम होगा और आवेदकों को अधिक सुविधा मिलेगी। प्रशासन ने पात्र युवाओं से अपील की है कि वे आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही आवेदन करें और किसी भी भ्रामक सूचना से सावधान रहें।

## 'यह लोकतंत्र है तानाशाही नहीं, सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ूंगी'

**❑ ममता ने चुनाव आयोग व केंद्र सरकार पर पर बोला हमला**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर तीखे प्रहार किए हैं। एक बांग्ला समाचार चैनल को दिए एक विशेष साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य की अस्मिता और जनता के अधिकारों के लिए, वह सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। ममता बनर्जी ने एसआईआर और मतदाता सूची से जुड़े विवादों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के लगभग 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची के ड्राफ्ट से हटाए जाने की साजिश रची गई है। मुख्यमंत्री ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कामकाज के तरीके पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या एक संवैधानिक संस्था को महिलाओं और गरीबों को इस तरह अपमानित करने का अधिकार है? यह लोकतंत्र है, तानाशाही नहीं। उन्होंने इसे राज्य को वंचित करने की गहरी साजिश करार दिया। ममता ने कहा कि वह मतदाता सूची और अन्य संवैधानिक मुद्दों को लेकर खुद सुप्रीम कोर्ट जाएंगी और दिखाएंगी कि जमीनी स्तर पर क्या चल रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कि वह सिर्फ आम लोगों को परेशान करती है। बंगाल से सौतेला व्यवहार करती है।

**❑ देवेगौड़ा व वीपी सिंह की प्रशंसा की**

साक्षात्कार के दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा, वीपी सिंह व राजीव गांधी की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वीपी सिंह व राजीव गांधी उन्हें काफी प्यार करते थे। मैं भी दोनों का काफी सम्मान करती थी। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हालिया राजनीतिक उथल-पुथल पर ममता ने साफ किया कि बंगाल की सीमाओं की सुरक्षा और राज्य के हितों से कोई समझौता नहीं होगा।

## एसआईआर : बंगाल की 'तार्किक विसंगति' श्रेणी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में 'तार्किक विसंगति' श्रेणी को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ता के अनुच्छेद-32 के तहत शीर्ष अदालत का रुख करने पर सवाल भी उठाया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप चाहते हैं कि हम अनुच्छेद-32 के तहत दायर याचिका पर विचार कर यह तय करें कि आपके पिता, आपकी माता और आपका भाई कौन है? निर्वाचन आयोग के पास जाइए। बता दें कि शीर्ष अदालत



मोहम्मद जिमफरहाद नवाज की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यह निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था कि राज्य में एसआईआर में शामिल 'तार्किक विसंगति' श्रेणी संविधान के अनुच्छेद 14 और 324 के प्रावधानों के खिलाफ है। याचिकाकर्ता ने 'तार्किक विसंगति' श्रेणी के तहत निर्वाचन आयोग की ओर से उसे जारी किए गए नोटिस को भी चुनौती दी थी।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: बीएमएफ-03-05-फैब्रिकेशन2400, दिनांक 11.02.2026, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/बोगी मैन्यूफैक्चरिंग फैक्टरी, पूर्व रेलवे, 88/1, अधर दास रोड, बजबज, कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700137 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. बीएमएफ-03-05-फैब्रिकेशन2400 के प्रतिपक्ष खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैन्यूअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं ऐसा कोई मैन्यूअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** बोगी मैन्यूफैक्चरिंग फैक्टरी, पूर्व रेलवे, बजबज में आउटसोर्सिंग के माध्यम से एलएचबी बोगी फ्रेमों का फैब्रिकेशन। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 4,70,54,400/-, **बयाना राशि:** रु. 3,85,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 120 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय :** 11.02.2026 को 17.29 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 19.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 05.03.2026 को 11.00 बजे। विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।
MISC-397/2025-26
निविदा सूचनाएँ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**CHANGE OF NAME**

I, Maruprolu Leela Priya Daughter of No. JC-390483A, Rank-Sub, Name- Venkata Reddy Maruprolu of 21 NSR C/o 99 APO, Kolkata & R/o H.No.-WB-3-90/3, Srinagar Colony, Vill & P.O- Bapatla, Dist-Guntur, State A.P, Pin- 522101. Do hereby Declare That I Have Change My name from Leela Priya Maruprolu to Maruprolu Leela Priya in my Father service documents Vide affidavit No. 79 Before The Notary Govt of W.B, B.K.Naskar at Kolkata dated 12.02.2026.

**CHANGE OF NAME**

I, Maruprolu Neha Daughter of No. JC-390483A, Rank- Sub, Name- Venkata Reddy Maruprolu of 21 NSR C/o 99 APO, Kolkata & R/o H.No.- WB-3-90/3, Srinagar Colony, Vill & P.O- Bapatla, Dist.- Guntur, State- A.P, Pin- 522101. Do hereby Declare that I Have Change my Name from Neha Maruprolu to Maruprolu Neha in my Father service documents Vide affidavit No.81 Before The Notary Govt of W.B, B.K. Naskar at Kolkata dated 12.02.2026.

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Maruprolu Nagendra Reddy Father of No.JC-390483A, Rank-Sub, Name- Venkata Reddy Maruprolu of 21 NSR C/o 99 APO, Kolkata & R/o H.No.-63/A, Vill.- Dundivari Palem, Teh-Karla Palem, Dist.-Guntur, State- A.P, Pin- 522111. Do hereby Declare that I Have Change My name from Nagendra Reddy to Maruprolu Nagendra Reddy and my date of birth from 01.07.1947 to 01.01.1941 in my Son service documents Vide affidavit No. 80 Before The Notary Govt of W.B, B.K. Naskar at Kolkata dated 12.022026. one and the same person.

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: एम-पीई-54-एएमसी-एसपीएआरएमवी-आरपीएच-26, दिनांक 10.02.2026, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन व मालभाड़ा/हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. एम-पीई-54-एएमसी-एसपीएआरएमवी-आरपीएच-26 के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैन्यूअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं ऐसा कोई मैन्यूअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** कार्य अनुबंध के आधार पर श्रम लागत, उपभोज्य सामग्री और ब्रेकडाउन आह्वान/मरम्मत सहित ओईएम या उनके अधिकृत एजेंट से एकल निविदा के आधार पर 03 (तीन) वर्षों के लिए एसएसई/एआरटी/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट में 03 कोच एसपीएआरएमवी के साथ व्यवस्थित कमिंस प्रस्तुतकारक डीजल इंजन (प्रत्येक 02 अदद) के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) और रखरखाव सेवाएं। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 72,03,949.64, **बयाना राशि:** रु. 1,44,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि:** 36 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय :** 10.02.2026 को 10.01 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 19.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 05.03.2026 को 14.00 बजे। विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।
HWH-616/2025-26
निविदा सूचनाएँ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## आरजी कर वित्तीय घोटाला: आरोप तय करने की प्रक्रिया टली, अगली सुनवाई 7 अप्रैल को

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर चार्जशीट के बावजूद आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से जुड़े वित्तीय अनियमितता मामले में आरोप तय करने (चार्ज फ्रेमिंग) की प्रक्रिया फिलहाल टाल दी गई है। मामले की अगली सुनवाई अब 7 अप्रैल को होगी।

गौरतलब है कि इसी महीने ईडी ने इस बहुचर्चित वित्तीय घोटाले में चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष का नाम शामिल है। हालांकि, उनके खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति (सैंक्शन) नहीं मिलने के कारण अदालत में आरोप तय करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

कानूनी प्रावधानों के अनुसार, किसी सरकारी कर्मचारी के





खिलाफ चार्जशीट दायर करने और मुकदमा चलाने से पहले नियुक्तिकर्ता प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। अनुमति मिलने के बाद ही अदालत आरोप तय कर विधिवत सुनवाई शुरू कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस संबंध में राज्य सरकार, जो नियुक्तिकर्ता प्राधिकरण है, को अनुमति के लिए पत्र भेजा है। अब सभी की नजर 7 अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी है, जहां मामले की आगे की दिशा तय हो सकती है।

## बजट सत्र के दौरान केएमसी में हंगामा, भाजपा पार्षद पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजट सत्र के दौरान एक तृणमूल कांग्रेस पार्षद की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कोलकाता नगर निगम (केएमसी) का सदन गरमा गया। इस घटना के बाद निगम के भीतर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार, सोमवार को निगम में बजट सत्र चल रहा था। इस दौरान, तृणमूल कांग्रेस पार्षद तारक सिंह सिरीटी महाश्मशान से जुड़े मुद्दे पर जवाबी भाषण दे रहे थे। उसी समय भाजपा की वरिष्ठ महिला पार्षद मीना देवी पुरोहित ने श्मशान के आस-पास पार्किंग की समस्या को लेकर सवाल उठाया। इसी बहस के दौरान, मीना देवी के पीछे बैठे तृणमूल पार्षद





महेश शर्मा पर उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा। आरोप है कि उन्होंने कहा कि 'मीना देवी पुरोहित को अभी श्मशान भेज देना चाहिए'। इस टिप्पणी के बाद भाजपा पार्षदों ने कड़ा विरोध शुरू कर दिया और सदन का माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को संभालने के लिए निगम की चेयरपर्सन माला राय को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वह इस तरह की टिप्पणी का समर्थन नहीं करतीं और इस प्रकार के बयान असंवैधानिक हैं। भाजपा पार्षद मीना देवी पुरोहित ने कहा कि तृणमूल पार्षद ने एक महिला के प्रति बेहद अशोभनीय टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि मैं जीवित हूं, कोई मृत व्यक्ति ही श्मशान जाता है। एक महिला का इस तरह अपमान किया गया है, इसके लिए माफी मांगी जानी चाहिए। भाजपा नेता सजल घोष ने भी इस टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह अत्यंत निम्न स्तर की मानसिकता को दर्शाता है। वहीं, आरोपों पर सफाई देते हुए महेश शर्मा ने कहा कि उन पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है और उन्होंने किसी की मृत्यु की कामना नहीं की है।

### राज्यभर के शक्ति केंद्रों पर भाजपा का व्यापक जनसंपर्क अभियान, हजारों स्ट्रीट कॉर्नर सभाएं आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), पश्चिम बंगाल ने राज्यभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान के तहत प्रत्येक शक्ति केंद्र क्षेत्र में स्ट्रीट कॉर्नर सभाओं का आयोजन किया है। पार्टी के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित करना और विकास संबंधी अपनी नीतियों व भावी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। यह अभियान पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा के नेतृत्व तथा प्रदेश उपाध्यक्ष अमिताव राय के समन्वय में राज्य, जिला और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय किया गया। विभिन्न जिलों में जिम्मेदारियां तय कर कार्यकर्ताओं को अभियान में शामिल किया गया। पार्टी ने 5 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच 10,000 सभाएं आयोजित करने का लक्ष्य रखा था। अब तक 8,315 सभाएं आयोजित की जा चुकी हैं। पार्टी का दावा है कि तकनीकी कारणों से कुछ कार्यक्रम दर्ज नहीं हो पाए, जिससे वास्तविक संख्या अधिक हो सकती है। रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बाजार और बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थानों पर आयोजित इन सभाओं के माध्यम से भाजपा ने राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों तक अपनी पहुंच मजबूत करने का दावा किया है। पार्टी का कहना है कि यह अभियान संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की राजनीतिक रणनीति के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करेगा।

**स्वामी विवेकानंद के "कोलकाता वापसी के गौरवशाली दिवस" के अवसर पर कोमागाता मारु बजबज-सियालदह स्पेशल ट्रेन**

रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, बेलूड़ मठ की उत्सव समिति के सचिव के अनुरोध पर, **स्वामी विवेकानंद के पुण्य 129वें "गौरवशाली कोलकाता वापसी दिवस"** को स्मरण करने के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ से निपटने के लिए **दिनांक 19.02.2026 (गुरुवार)** को कोमागाता मारु बजबज से सियालदह (दक्षिण) तक एक सुसज्जित ईएमयू स्पेशल ट्रेन नीचे उल्लेखित संभावित समय-सूची के अनुसार चलाई जाएगी:

**कोमागाता मारु बजबज से सियालदह (दक्षिण) अप ईएमयू स्पेशल ट्रेन: कोमागाता मारु बजबज**-प्रस्थान 09.55 बजे; **नंगी**-आगमन 10.01 बजे, प्रस्थान 10.02 बजे; **आकड़ा**-आगमन 10.06 बजे, प्रस्थान 10.07 बजे; **ब्रेस ब्रिज**-आगमन 10.15 बजे, प्रस्थान 10.16 बजे; **माझेरहाट**-आगमन 10.19 बजे, प्रस्थान 10.20 बजे; **न्यू अलीपुर (कोलकाता)**-आगमन 10.23 बजे, प्रस्थान 10.24 बजे; **टालीगंज**-आगमन 10.29 बजे, प्रस्थान 10.30 बजे; **बालीगंज**-आगमन 10.39 बजे, प्रस्थान 10.40 बजे; **सियालदह (दक्षिण)**-आगमन 10.52 बजे। ऊपर उल्लेखित कोमागाता मारु बजबज-सियालदह (दक्षिण) अप सुसज्जित ईएमयू स्पेशल ट्रेन मार्ग में फ्लैग एवं हॉल्ट स्टेशनों के साथ सभी स्टेशनों में ठहरेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## 'फर्जी चैट' मामले में महुआ मैत्रा की एफआईआर पर हाईकोर्ट के सवाल, आरोपी को 23 फरवरी तक राहत

**कोलकाता :** 'फर्जी चैट' प्रकरण में सांसद महुआ मैत्रा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कड़े सवाल उठाए हैं। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि नियमों का पालन किए बिना इतनी सक्रियता क्यों दिखाई गई। अदालत ने मामले के आरोपी को 23 फरवरी तक अंतरिम राहत प्रदान की है।

मामला सांसद महुआ मैत्रा से जुड़ी कथित आपत्तिजनक तस्वीरों और टिप्पणियों को सोशल मीडिया पर साझा करने से संबंधित है। बताया गया है कि ऋषि कुमार बागड़ी ने नोएडा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर महुआ मैत्रा और प्रशांत किशोर के बीच कथित



चैट साझा की थी। इसके बाद महुआ मैत्रा ने दिल्ली से नदिया जिले के कोतवाली थाने में ईमेल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई।

सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के वकील ने दलील दी कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के 72 घंटे के भीतर शिकायतकर्ता को थाने में उपस्थित होकर एफआईआर पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है, जो इस मामले में नहीं हुआ। उनका दावा है कि एफआईआर पर शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर नहीं हैं और केवल ईमेल के जरिए शिकायत दर्ज की गई। साथ ही, कोतवाली थाने की पुलिस द्वारा नोएडा में आरोपी के घर पर छापेमारी को भी कानून के विपरीत बताया गया।

इन दलीलों के बाद अदालत ने राज्य के वकील से जवाब तलब किया। राज्य पक्ष ने जवाब देने के लिए समय मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी।

अदालत की टिप्पणी के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है और अब सबकी निगाहें अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

## कोलकाता में टी20 विश्व कप मैच के दौरान गेंद लगने से एक महिला दर्शक घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में सोमवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप-2026 में इंग्लैंड और इटली के बीच हुए मैच देखने पहुंची एक महिला गेंद लगने से घायल हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय महिला के चेहरे पर गेंद लगी, जिससे उसकी नाक से खून बहने लगा। महिला की पहचान उजागर नहीं की गई है। इस घटना के बाद उसके आसपास मौजूद दर्शकों ने तुरंत स्टेडियम के सुरक्षा कर्मियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। अधिकारी ने बताया कि चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार किया और उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि महिला की हालत स्थिर है।

**स्पेशल ट्रेन**
**कोलकाता से न्यू जलपाईगुड़ी और डिब्रूगढ़ के लिए**

आगामी **होली उत्सव** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **कोलकाता और न्यू जलपाईगुड़ी** एवं **डिब्रूगढ़ और कोलकाता** के बीच स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेंगी:

**03129/03130 कोलकाता – न्यू जलपाईगुड़ी–कोलकाता स्पेशल ट्रेन**

| कोलकाता – न्यू जलपाईगुड़ी | | | (03129) (03130) | न्यू जलपाईगुड़ी–कोलकाता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शनिवार | -- | **23.40** | ↓ कोलकाता | **00.40** | -- | सोमवार |
| रविवार | 00.55 | 00.57 | बैण्डेल | 23.08 | 23.10 | रविवार |
| | 02.33 | 02.35 | कटवा | 21.03 | 21.05 | |
| | 06.20 | 06.30 | मालदा टाउन | 17.10 | 17.20 | |
| | **10.45** | -- | न्यू जलपाईगुड़ी ↑ | -- | **12.45** | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, नबद्वीप धाम, आजिमगंज, जंगीपुर रोड, बारसोई, किशनगंज और अलुआबाड़ी रोड स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● **आवागमन के दिन/तिथि : कोलकाता से:** 03129 दिनांक 28.02.2026 (शनिवार) को = 1 ट्रिप। **न्यू जलपाईगुड़ी से:** 03130 दिनांक 01.03.2026 (रविवार) को = 1 ट्रिप। ● **गठन:** एसी 3-टियर - 04, शयनयान श्रेणी - 10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 06, एसएलआरडी- 02 = 22 कोच। ● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**05932/05931 डिब्रूगढ़–कोलकाता – डिब्रूगढ़ स्पेशल ट्रेन**

| डिब्रूगढ़–कोलकाता | | | (05932) (05931) | कोलकाता – डिब्रूगढ़ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शनिवार | -- | **17.00** | ↓ डिब्रूगढ़ | **06.30** | -- | मंगलवार |
| रविवार | 11.05 | 11.15 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13.45 | 13.55 | सोमवार |
| | 17.10 | 17.20 | मालदा टाउन | 09.10 | 09.20 | |
| | 19.38 | 19.43 | आजिमगंज | 06.10 | 06.15 | |
| | 23.08 | 23.10 | बैण्डेल | 03.48 | 03.50 | |
| सोमवार | **00.30** | -- | कोलकाता ↑ | -- | **02.30** | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में धेमाजी, नॉर्थ लखीमपुर, हारमती जंक्शन, विश्वनाथ चारआली, रंगापाड़ा नॉर्थ, उदालगड़ी, रंगिया, न्यू बंगाईगांव, कोकराझार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कूचबिहार, अलुआबाड़ी रोड, किशनगंज, बारसोई, न्यू फरक्का, जंगीपुर रोड, कटवा, नबद्वीप धाम और नैहाटी जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी।.● **आवागमन के दिन/तिथि : डिब्रूगढ़ से:** 05932 दिनांक 21.02, 28.02 और 07.03.2026 (शनिवार) को = 3 ट्रिप। **कोलकाता से:** 05931 दिनांक 23.02, 02.03 और 09.03.2026 (सोमवार) को = 3 ट्रिप। ● **गठन:** एसी 2-टियर - 02, एसी 3-टियर - 06, शयनयान श्रेणी - 08, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस) - 04, पावर कार - 01, एलएसएलआरडी- 01 = 22 कोच। ● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

### कोलकाता में चलती कार में युवती से छेड़छाड़, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता में युवती को घर तक लिफ्ट देने का प्रस्ताव देने के बाद एक चलती कार के अंदर उससे छेड़छाड़ किए जाने के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। पता चला है कि कस्बा थाने में रविवार को दर्ज कराई गई शिकायत में युवती ने कहा कि शुक्रवार की देर रात न्यू बालीगंज रोड पर एक जगह पर उसे कार में बैठने के लिए कहा गया। युवती ने अपनी शिकायत में कहा कि एसयूवी में बैठे तीन युवकों में से दो को वह जानती थी और इसलिए बिना किसी संदेह के वह कार में बैठ गई। वाहन ईएम बाईपास की ओर बढ़ा और तीनों पुरुषों ने उससे छेड़छाड़ कर दी। अधिकारी ने बताया कि लगभग एक घंटे तक इधर-उधर भटकने के बाद कार के आनंदपुर इलाके के पास पहुंचने पर युवती को छोड़ दिया गया। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और कार तथा अपराधियों की तलाश की जा रही है।

# चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ : तृणमूल कांग्रेस

**❑ आवास योजना के दस्तावेजों को अमान्य ठहराने पर बोला हमला**

**❑ मतदाता सूची में नाम काटने की साजिश का लगाया आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने आयोग पर भाजपा के इशारे पर राज्य के वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की गहरी साजिश रचने का आरोप लगाया। राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने कहा कि आयोग की कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है और यह सीधे तौर पर बंगाल की जनता को



प्रताड़ित करने का प्रयास है। दरअसल, विवाद की मुख्य जड़ आवास योजनाओं (पीएमएवाई-जी और बांग्लार बाड़ी) से जुड़े दस्तावेजों की वैधता को लेकर है। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने सवाल उठाया कि जब आयोग ने पहले इन सरकारी दस्तावेजों को पहचान के लिए वैध माना था, तो अब अचानक इन्हें अमान्य क्यों किया जा रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि सुनवाई प्रक्रिया समाप्त होने के बाद नियमों में बदलाव करना सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है। बिना जमीन के किसी को आवास योजना का लाभ नहीं मिलता, इसलिए ये दस्तावेज नागरिकता और निवास का पुख्ता प्रमाण हैं। कुणाल घोष ने इस पूरी प्रक्रिया को भाजपा का डर्टी गेम करार देते हुए चुनाव आयोग को एक पक्षपाती एजेंट की तरह काम करने वाला बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि लाखों गरीब मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने की इस कोशिश के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि यह चुनाव से पहले विपक्षी दलों को लाभ पहुंचाने के लिए बंगाल के गरीबों की आवाज दबाने की एक सोची-समझी रणनीति है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-37-25, दिनांक 11.02.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-37-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में एईएन/नबद्वीप धाम और एईएन/कटवा के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा "07 लेवल क्रॉसिंग गेट 24/02, 8/3, 17/ए/टी, 17/ए/1, 12/ए/1, 18, 17/ए/6 के स्थान पर नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण" के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,25,06,275.18, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,12,500/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 06.03.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-619/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कोलकाता में अभ्यर्थियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, की नारेबाजी

**✒ शिक्षक अभ्यर्थियों ने प्राथमिक भर्ती में शामिल करने की मांग की**

**✒ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने समान वेतन और स्थायी नौकरी की सुविधा मांगी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर के विभिन्न हिस्सों में सोमवार को विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भर्ती, बेहतर वेतन और प्रशासनिक कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन में, शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले और बी.एड या डी.एल.एड डिग्री धारक



अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान से प्रशिक्षित उम्मीदवारों को प्राथमिक भर्ती प्रक्रिया से बाहर रखा जा रहा है। उन्होंने विरोध प्रदर्शन के दौरान बर्तन भी बजाए। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि अप्रैल 2023 में जारी भारत के सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश में तीन महीने के भीतर लगभग 1,200 ऐसे उम्मीदवारों की नियुक्ति का निर्देश दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने कोई खबर नहीं, कोई वोट नहीं लिखे हुए बैनर ले रखे थे और राज्य प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष के इस्तीफे की मांग की। एक अन्य प्रदर्शन में, उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिये नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थी, जो पहले ही साक्षात्कार दे चुके हैं, रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती की मांग करते हुए विधानसभा की ओर कूच करने लगे। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए दावा किया कि उन्होंने चयन प्रक्रिया के सभी चरण पूरे कर लिए हैं। इसी बीच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायक कल्याण संघ के सदस्यों ने सामाजिक कल्याण विभाग के मुख्यालय शैशाली परिसर के पास तीन दिवसीय धरना शुरू कर दिया है, जिसमें वे समान काम के लिए समान वेतन, स्थायी नौकरी का दर्जा, पेंशन और गुजरात जैसे राज्यों में प्रदान किए जाने वाले लाभों के बराबर ग्रेच्युटी लाभों की मांग कर रही हैं। पोषण ट्रैकर प्रणाली के तहत डिजिटल रिपोर्टिंग आवश्यकताओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि वे व्यक्तिगत मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेंगी और न ही मौजूदा भत्ता स्वीकार करेंगी।

# बंगाल की खाड़ी में बांग्लादेशी ट्रॉलर जब्त, 28 मछुआरे गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्री सीमा का उल्लंघन कर भारतीय जलक्षेत्र में घुसने के आरोप में बांग्लादेशी ट्रॉलर (मछली पकड़ने वाली नावों) को जब्त कर लिया। इस दौरान 28 बांग्लादेशी मछुआरों को भी हिरासत में लिया गया। इंडियन कोस्ट गार्ड ने सोमवार की दोपहर ट्रॉलर और मछुआरों को दक्षिण 24 परगना जिले के फ्रेजरगंज फिशरीज पोर्ट पहुंचाया। बताया गया है कि सोमवार की सुबह कोस्ट गार्ड की पेट्रोलिंग के दौरान, बंगाल की खाड़ी में भारतीय जल सीमा क्षेत्र में एक संदिग्ध ट्रॉलर देखा गया। कोस्ट गार्ड ने जहाज को रुकने का आदेश दिया और जांच करने पर उसकी पहचान बांग्लादेशी ट्रॉलर 'सागर 3'



के तौर पर हुई। ट्रॉलर को जब्त करने के बाद, अधिकारियों ने मछुआरों से शुरुआती पूछताछ शुरू की। उनके जवाबों में कई अंतर पाए गए। 28 मछुआरों को हिरासत में लेने के साथ ही, इंडियन कोस्ट गार्ड ने ट्रॉलर को जब्त कर लिया और उसे किनारे पर ले आए। मछुआरों को फ्रेजरगंज तटीय पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया, जिसने बाद में उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रही है और घुसपैठ का कारण पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## कोटक लाइफ ने लॉन्च किया 'कोटक सिग्नेचर लिगेसी'

**कोलकाता :** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने कोटक सिग्नेचर लिगेसी लॉन्च करने की घोषणा की, यह एक पूरी ज़िंदगी का टर्म प्लान है जो 99 साल की उम्र तक बढ़ता हुआ लाइफ कवर देता है; यह लोगों को अपने परिवार की लंबे समय की फाइनेंशियल सुरक्षा को मज़बूत करने और एक स्थायी विरासत बनाने में मदद करता है। कोटक लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर, महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा, कोटक लाइफ में, हमारा पक्का वादा है कि हम ऐसे प्रोडक्ट्स बनाएं और डिलीवर करें जो सच में हमारे कस्टमर्स की बदलती ज़रूरतों को पूरा करें। कोटक सिग्नेचर लिगेसी लोगों को उनकी बढ़ती सुरक्षा ज़रूरतों को एक ऐसे प्लान के साथ मज़बूत करने में मदद करता है जो उनकी ज़िंदगी के सफ़र के साथ आगे बढ़ता है।

## बंगाल दौरे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री, 22 फरवरी को महिला मोर्चा कार्यक्रम में लेंगी हिस्सा

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। केंद्रीय नेतृत्व के लगातार दौरे के बीच अब दिल्ली की मुख्यमंत्री ठरेखा गुप्ता भी कोलकाता आ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, 22 फरवरी को भाजपा महिला मोर्चा के एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वह राजधानी दिल्ली से कोलकाता पहुंचेंगी। इस दौरान वह महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं और आम महिलाओं को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम में उन्हें मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। बताया जा रहा है कि यह सम्मेलन कोलकाता के साइंस सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा सकता है। हालांकि, अंतिम



कार्यक्रम सूची को लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से पहले भाजपा नेतृत्व का लगातार बंगाल दौरा संगठन को मजबूत करने और महिला मतदाताओं के बीच प्रभाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है।

## पेई मे चीनी विद्यालय 30 अप्रैल तक खाली होगा, उच्च न्यायालय में राज्य सरकार का आश्वासन

**कोलकाता :** राज्य के एकमात्र चीनी शिक्षण संस्थान पेई मे चीनी विद्यालय को 30 अप्रैल तक पूर्णतः खाली करा दिया जाएगा। यह जानकारी राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान दी। न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने राज्य सरकार को 19 फरवरी तक इस संबंध में लिखित प्रतिज्ञा-पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्पष्ट किया कि चीनी समुदाय के नववर्ष उत्सव की समाप्ति के तुरंत बाद विद्यालय की आठ अतिरिक्त कक्षाएं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सौंप दी जाएं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की ओर से अधिवक्ता ने न्यायालय



को बताया कि वर्तमान में बल के 130 सुरक्षा कर्मी विद्यालय की केवल 10 कक्षाओं में अत्यंत कठिन परिस्थितियों में रहने को विवश हैं। स्थान के अभाव में उन्हें हथियारों सहित बरामदे में भी रहना पड़ रहा है। न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने राज्य सरकार से प्रश्न किया कि सुरक्षा कर्मियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्या की जा रही है। राज्य की ओर से अधिवक्ता अमल सेन ने न्यायालय को आश्वस्त किया कि नववर्ष उत्सव समाप्त होते ही अतिरिक्त कक्षाएं लौटा दी जाएंगी तथा 30 अप्रैल तक संपूर्ण परिसर खाली कर दिया जाएगा। न्यायालय ने विद्यालय प्रबंधन पक्ष के अधिवक्ता को भी स्मरण कराया कि वर्तमान में वहां रह रहे व्यक्ति सुरक्षा बल के सदस्य हैं और उनके लिए कुछ दिनों की अनुमति दिए जाने की अपेक्षा की जाती है।

## करोड़ों रुपये के घोटाले में निजी स्कूल के अधिकारी पर ईडी की चार्जशीट

**कोलकाता :** शहर के प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थान से जुड़े करोड़ों रुपये के कथित वित्तीय घोटाले में




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। ईडी ने स्कूल के एक प्रमुख अधिकारी को इस मामले में आरोपी बनाया है। एजेंसी ने लगभग 80 पन्नों की चार्जशीट जमा की है। ईडी का आरोप है कि घोटाले से जुड़ी बड़ी रकम आरोपी ने अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में स्थानांतरित की। जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपी स्कूल के ट्रस्टी बोर्ड के पूर्व सदस्य रहे हैं और जिम्मेदारी के पद पर रहते हुए ही कथित तौर पर करोड़ों रुपये का गबन किया गया। इस मामले की शुरुआत लगभग दो वर्ष पहले, 2024 में हुई थी। आरजी कर घटना के बाद शहर के इस नामी स्कूल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच तेज हुई। उस समय करोड़ों रुपये के दुरुपयोग के आरोप सामने आए थे, जिसके बाद ईडी ने शहर के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। इससे पहले कोलकाता पुलिस ने स्कूल के प्रशासक को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी से जुड़े लोगों के घरों, दफ्तरों और बैंक खातों की भी तलाशी ली गई थी। सोमवार को दायर की गई चार्जशीट में केंद्रीय जांच एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि आरोपी वित्तीय अनियमितताओं में सीधे तौर पर शामिल था। मामले की सुनवाई अब विशेष अदालत में आगे बढ़ेगी।

## नरूला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने एनवाईसीयू, ताइवान के साथ एमओयू किया हस्ताक्षर

**कोलकाता, समाज्ञा :** नरूला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) ने ताइवान की प्रतिष्ठित नेशनल एंग मीनिंग चियाओ टुंग युनिवर्सिटी (एनवाईसीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल इन्फॉर्मेटिक्स के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता 'सिग्नल्स एंड स्मार्ट सिस्टम्स' विषय पर आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलन सिग्नास 2026 के उद्घाटन समारोह के दौरान संपन्न हुआ। यह पहल एनआईटी की शैक्षणिक इकाई जेआईएस ग्रुप के अंतर्गत की गई है। इस सहयोग का उद्देश्य बायोमेडिकल इमेज और सिग्नल प्रोसेसिंग के क्षेत्र में संयुक्त शोध, छात्र एवं संकाय विनिमय



कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशालाएं और अल्पकालिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से अकादमिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। जेआईएस ग्रुप के निदेशक सरदार सिमरप्रीत सिंह ने कहा, यह साझेदारी हमारे संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एनवाईसीयू जैसे वैश्विक स्तर के अग्रणी विश्वविद्यालय के साथ सहयोग से हमारे छात्र और संकाय अंतरराष्ट्रीय शोध मानकों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और नवाचार आधारित परियोजनाओं से सीधे जुड़ सकेंगे। इससे न केवल बायोमेडिकल सिग्नल और इमेज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी, बल्कि स्वास्थ्य तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्मार्ट सिस्टम्स के विकास में भी सार्थक योगदान सुनिश्चित होगा।

## पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कथित अवैध हिरासत को लेकर कपिल शर्मा ने गुजरात हाई कोर्ट का रुख किया

**अहमदाबाद/कोलकाता :** अहमदाबाद के व्यवसायी कपिल शर्मा ने पुलिस अधिकारियों पर अवैध हिरासत और प्रक्रियात्मक उल्लंघन का आरोप लगाते हुए गुजरात हाई कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है। मामला सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कथित रूप से हुई कार्रवाई से जुड़ा है। याचिका के अनुसार, घटना 9 अप्रैल 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अहमदाबाद पर हुई। कपिल शर्मा का आरोप है कि उन्हें विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए बिना हिरासत में लिया गया और 24 घंटे की अनिवार्य अवधि के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया। याचिका में दावा किया गया है कि उन्हें तीन दिनों तक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया, जो कि कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित डी.के. बसु दिशानिर्देशों का उल्लंघन है, जो गिरफ्तारी प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं। अपनी याचिका में कपिल शर्मा ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस अधिकारियों और शिकायतकर्ता पंकज प्रसून के बीच मिलीभगत हुई। उनका कहना है कि मामला पूरी तरह सिविल प्रकृति का था और दो पूर्व क्लोजर रिपोर्ट में इसे सिविल विवाद माना गया था। इसके बावजूद, समान तथ्यों के आधार पर चौथी जांच शुरू किए जाने को याचिकाकर्ता ने दुर्भावनापूर्ण और सत्ता के दुरुपयोग करार दिया है।

## सीनेट पब्लिक स्कूल के खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

**बैरकपुर :** उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में स्थित सीनेट पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ प्रधानाचार्य आर. साव ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में बैरकपुर सर्कल के एस.एस.आई.टुम्पा दत्ता, 48 बंगाल बटालियन एनसीसी केसूबेदार दिनेश सिंह पठानिया, मोहनपुर पंचायत के प्रधान निर्मल कर, मोहनपुर पंचायत समिति सदस्य रिंकी महतो, सामाजसेवी मनोजित, मंडल, बास-देवपुर थाना के आई.सी तरूण चक्रवर्ती और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में दौड़, रस्साकशी, कबड्डी, उंची व लंबी कूद, मार्बल रेस व रिले रेस खेलों में भाग लेकर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया.विजेताओं




को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य आर. साव ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों को स्वस्थ, ऊर्जावान और आत्मविश्वासी बनाता है। यह केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन को भी सशक्त करता है। खेलों से बच्चों का रक्तसंचार, पाचन और श्वसन तंत्र मजबूत होता है और कई बीमारियों से बचाव होता है। सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## टाटा कैपिटल ने देश भर में शुरू किया 'सवाल करो, फिर लोन लो' अभियान

**कोलकाता :** टाटा ग्रुप की फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी, टाटा कैपिटल ने देश भर में जन-जागरूकता अभियान शुरू किया - 'सवाल करो, फिर लोन लो'। भारत में लोन सुविधाओं की बढ़ती पहुंच को देखते हुए, इस पहल का उद्देश्य कोई भी लोन लेने से पहले उसके बारे में सही सवाल पूछने और पूरी जागरूकता के साथ ही निर्णय लेने के लिए ग्राहकों को सशक्त बनाना है। लॉन्च के अवसर पर टाटा कैपिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ राजीव सभरवाल ने कहा, भारत की तरक्की में यहां के लोगों के बड़े सपने और लोन की आसान उपलब्धता की बड़ी भूमिका है। टाटा कैपिटल में हमारे लिए पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी सबसे ऊपर है। 'सवाल करो, फिर लोन लो' के जरिए हम हर भारतीय को यह शक्ति देना चाहते हैं कि वे लोन लेने से पहले सही सवाल पूछें और अपनी वित्तीय सुरक्षा का ख्याल रखें।

## राष्ट्रीय बिहारी समाज के पूर्व अध्यक्ष मनिंदर सिंह 'मुन्ना' की 47वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**कोलकाता :** मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी एम्प्लाइज एसोसिएशन के धरना मंच से अस्पताल परिसर के बाहर राष्ट्रीय बिहारी समाज के पूर्व अध्यक्ष मनिंदर सिंह 'मुन्ना' की 47वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा में अस्पताल के कर्मचारियों और समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राजगृह सिंह, पारस सिंह, ममता सिंह, बद्री नारायण मिश्रा, ललित अग्रवाल, स्वयं प्रकाश राय, अजय उपाध्याय, बाबू नंद पांडेय, संदीप पांडेय, पिंकी सिंह, प्रेम कुमार सिंह, रवि शर्मा, मुन्ना महतो, उदय यादव, सत्येंद्र सिंह, तिरलोकी नाथ, संजीत सिंह, अजीत साह, मुनेश पांडेय, गोविंद सिंह, सत्येंद्र सिंह, गोपाल सिंह, अरुण सिंह, प्रदीप मिश्रा, बिजेंद्र प्रसाद सिंह, सरोज मिश्रा, ऋषभ पांडेय, अशोक गुप्ता, महंगू सिंह, शंकर चौधरी, मुकुंद पांडेय, सुरेश सिंह, श्रीराम शर्मा, सुशांत कानारार, हेमंत शर्मा, अमर चौधरी और बबलू सिंह उपस्थित रहे। सभी लोगों ने बिहारी समाज के पूर्व अध्यक्ष स्व. मनिंदर सिंह मुन्ना के द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों को याद किया गया। सभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय बिहारी समाज के महासचिव संतोष सिंह ने की।

## पूर्व रेलवे की सौगात – चार होली स्पेशल ट्रेनों से मिलेंगी 22,300 अतिरिक्त बर्थ

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा होली के अवसर पर चार होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से 22,300 से अधिक अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराई जाएंगी। ये स्पेशल ट्रेनें कोलकाता-न्यू जलपाईगुड़ी, कोलकाता-डिब्रूगढ़, मालदह टाउन-उधना तथा मालदह टाउन-एसएमवीबी बेंगलुरू के बीच चलाई जाएंगी।

03129 कोलकाता-न्यू जलपाईगुड़ी होली स्पेशल 28 फ़रवरी 2026 को रात 11:40 बजे कोलकाता से रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:45 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। वापसी में 03130 न्यू जलपाईगुड़ी-कोलकाता स्पेशल 1 मार्च 2026 को दोपहर 12:45 बजे चलकर अगले दिन रात 12:40 बजे कोलकाता पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नैहाटी, बंडेल, नवद्वीप धाम, कटवा, अजीमगंज, जंगीपुर रोड और मालदह टाउन स्टेशनों पर रुकेगी।

05932 डिब्रूगढ़-कोलकाता होली स्पेशल 21 फ़रवरी, 28 फ़रवरी और 7 मार्च 2026 को शाम 5:00 बजे डिब्रूगढ़ से प्रस्थान कर तीसरे दिन रात 12:30 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में 05931 कोलकाता-डिब्रूगढ़ स्पेशल 23 फ़रवरी, 2 मार्च और 9 मार्च 2026 को रात 2:30 बजे कोलकाता से रवाना होकर अगले दिन सुबह 6:30 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी। यह ट्रेन नैहाटी, बंडेल, नवद्वीप धाम, कटवा, अजीमगंज, जंगीपुर रोड, न्यू फरक्का और मालदह टाउन स्टेशनों पर रुकेगी।

03417 मालदह टाउन-उधना होली स्पेशल 28 फ़रवरी से 21 मार्च 2026 के बीच प्रत्येक शनिवार को दोपहर 12:15 बजे मालदह टाउन से चलेगी और तीसरे दिन तड़के 2:15 बजे उधना पहुंचेगी। वापसी में 03418 उधना-मालदह टाउन स्पेशल 2 मार्च से 23 मार्च 2026 के बीच प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12:30 बजे उधना से रवाना होकर तीसरे दिन सुबह 5:55 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशनों पर ठहरेगी।

06565 एसएमवीबी बेंगलुरु-मालदह टाउन होली स्पेशल 22 फ़रवरी से 8 मार्च 2026 के बीच प्रत्येक रविवार को रात 11:40 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु से चलेगी और तीसरे दिन शाम 4:30 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। वापसी में 06566 मालदह टाउन-एसएमवीबी बेंगलुरु स्पेशल 25 फ़रवरी से 11 मार्च 2026 के बीच प्रत्येक बुधवार को शाम 4:00 बजे मालदह टाउन से प्रस्थान कर तीसरे दिन दोपहर 12:45 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु पहुंचेगी। यह ट्रेन न्यू फरक्का, रामपुरहाट, बोलपुर शांतिनिकेतन, वर्दवान और डानकुनी स्टेशनों पर रुकेगी।

## सलकिया के प्राचीन सिद्ध हरोगंज बाजार हनुमान मंदिर में महाशिवरात्रि की धूम



**हावड़ा :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सालकिया के हरोगंज बाजार स्थित प्राचीन सिद्ध श्री हनुमान मंदिर सुबह से ही शिव भक्ति में सराबोर रहा । मंदिर के कपाट खुलने के साथ बाबा भोलेनाथ की पूजा आराधना के लिए काफी संख्या मे श्रद्धालुओं का आना शुरू हुआ जो दोपहर बाद तक चलता रहा। इसके बाद पूरे मंदिर को मनोहारी ढंग से सजाया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित दीपक मिश्रा (सोनू जी) के सान्निध्य में सायं काल से पूरी रात चले महाशिवरात्रि पूजन में भगवान भोलेनाथ से विश्व व्यापी सुख-समृद्धि-आरोग्य की प्रार्थना करते हुए भगवान शिव की विविध स्तुतियों का पाठ किया गया। साथ ही सुमधुर भजनों व सामूहिक आरती के साथ देवाधिदेव की मनुहार की गई। मुख्य आयोजन निशा काल में 'बम बासुकी ग्रुप (सलकिया)' की ओर से किया गया जिसमें सामूहिक महारूद्राभिषेक में काफी श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। देर रात आरती व आशीर्वाद के साथ महोत्सव सम्पन्न हुआ। शिव भक्ति के इस महा महोत्सव से पूरा वातावरण शिवमय हो गया।

## मुफ्त यात्रा से सस्ता है टिकट लेना : पूर्व रेलवे ने की 'सम्मान के साथ सफर' की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने बिना टिकट यात्रा पर चिंता जताते हुए यात्रियों से नियमों का पालन करते हुए टिकट खरीदकर यात्रा करने की अपील की है। रेलवे प्रशासन ने कहा कि भारतीय रेल देश के नागरिकों की सामूहिक संपत्ति है और इसके संचालन व विकास में यात्रियों की ईमानदारी अहम भूमिका निभाती है।

पूर्व रेलवे के अनुसार, रेल देश का सबसे सस्ता परिवहन माध्यम है। सियालदह से खड़दह (19 किमी) का किराया मात्र 5 रुपये है, जबकि सियालदह-नैहाटी (38 किमी) और हावड़ा-बंडेल (40 किमी) के लिए सिर्फ 10 रुपये खर्च करने होते हैं। प्रशासन का कहना है कि इतनी कम दर पर यात्रा सुविधा अन्य किसी माध्यम में उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद बिना टिकट यात्रा के मामले सामने आ रहे हैं, जो न केवल दंडनीय अपराध है बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के विपरीत भी है।

रेलवे ने मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) का उदाहरण देते हुए बताया कि सियालदह-नैहाटी और हावड़ा-बंडेल खंड के लिए मासिक टिकट मात्र 185 रुपये में उपलब्ध है, जिससे पूरे महीने असीमित यात्रा की जा सकती है। वहीं, बिना टिकट पकड़े जाने पर न्यूनतम 260 रुपये (किराया और जुर्माना सहित) का दंड देना पड़ता है। इस तुलना से स्पष्ट है कि नियमित टिकट लेना अधिक किफायती विकल्प है। यात्रियों की सुविधा के लिए यूटीएस और रेल वन मोबाइल ऐप तथा ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं।

बावजूद इसके, पिछले तीन महीनों में 3,30,451 दंड मामले दर्ज किए गए हैं। रेलवे ने इसे राजस्व नहीं, बल्कि जागरूकता का मुद्दा बताते हुए नागरिकों से 'सम्मान के साथ यात्रा' का संकल्प लेने की अपील की है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में रोलिंग ब्लॉक कार्यक्रम के कारण ट्रेनों का विनियमन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 16 फरवरी से 22 फरवरी तक एक सप्ताह के रोलिंग ब्लॉक कार्यक्रम के कारण कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। इस अवधि के दौरान 68046/68045 आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेन 16 फरवरी, 17 फरवरी, 19 फरवरी, 20 फरवरी एवं 22 फरवरी को प्रारंभ होने वाली यात्राओं में पूर्णतः रद्द रहेगी। इसी प्रकार 63594/63593 आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू ट्रेन 17 फरवरी एवं 20 फरवरी को प्रारंभ होने वाली यात्राओं में रद्द रहेगी। इसके अतिरिक्त, 13503/13504 वर्दवान-हटिया-वर्दवान मेमू एक्सप्रेस 16 फरवरी एवं 17 फरवरी को प्रारंभ होने वाली यात्राओं में



गोमो स्टेशन तक ही संचालित की जाएगी तथा गोमो से ही अपनी वापसी यात्रा प्रारंभ करेगी। इस अवधि में गोमो और हटिया के बीच इस ट्रेन की सेवा रद्द रहेगी। वहीं, 68056/68060 टाटानगर-आसनसोल-बाराभूम मेमू पैसेंजर 17 फरवरी एवं 21 फरवरी को प्रारंभ होने वाली यात्राओं में आद्रा तक ही संचालित होगी तथा आद्रा से ही अपनी यात्रा प्रारंभ करेगी, जिसके कारण आद्रा और आसनसोल के बीच इस ट्रेन की सेवा रद्द रहेगी।

## हावड़ा में अत्याधुनिक इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ, खेल अवसंरचना को नई मजबूती

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने आधुनिक खेल अवसंरचना को बढ़ावा देते हुए हावड़ा में अत्याधुनिक इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया है। रेल संग्रहालय के पीछे स्थित यह विश्वस्तरीय परिसर भारतीय रेल की खेल



उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 6,360 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले इस कॉम्प्लेक्स में 800 वर्ग मीटर का समर्पित इंडोर खेल क्षेत्र विकसित किया गया है। आधुनिक वास्तुशिल्प डिजाइन के तहत पॉलीकार्बोनेट रूफिंग, टिंटेड टफेंड ग्लास, स्टेनलेस स्टील रेलिंग, एल्यूमिनियम लूवर्स तथा आकर्षक मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है, जिससे भवन को मजबूती और ऊर्जा दक्षता मिली है।

कॉम्प्लेक्स में टेबल टेनिस (भूतल), जिम्नेजियम (प्रथम तल), बिलियर्ड्स, कैरम, शतरंज, स्विमिंग पूल तथा दो बैडमिंटन कोर्ट की सुविधा उपलब्ध है। बैडमिंटन कोर्ट को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन से मान्यता प्राप्त है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। जनवरी 2026 में गोलमोहर मैदान पर क्रिकेट कोचिंग कैंप भी शुरू किया गया। यहां प्रशिक्षित खिलाड़ी इंडियान प्रिमियर लीग 2026 में राजस्थान रॉयल की ओर से चयनित रवि सिंह तथा वुमन प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्ज की ओर से शिप्रा गिरी और मुंबई इंडियंस की ओर से प्रियंका बाला जैसे खिलाड़ियों की उपलब्धियां इस पहल की सफलता दर्शाती हैं। रेल प्रशासन का मानना है कि यह कॉम्प्लेक्स पूर्व रेलवे के खेल परिवेश को नई दिशा देगा और खिलाड़ियों को पेशेवर प्रशिक्षण का सशक्त मंच प्रदान करेगा।

### जोका मेट्रो स्टेशन के पास सड़क दुर्घटना में एक युवती समेत दो की मौत

कोलकाता, समाज्ञा

कोलकाता में जोका मेट्रो स्टेशन के पास सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जोका मेट्रो स्टेशन के नीचे रविवार की रात बाइक दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बाइक पर सवार दोनों लोग जोका से ठाकुरपुकुर जा रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, कथित रूप से पीछे से एक कार ने बाइक सवारों को टक्कर मारी। इसके बाद, बाइक से नियंत्रण खो गया और वह गिर गई। इसके कारण बाइक पर सवार दोनों व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही जान चली गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जोका मेट्रो स्टेशन के पास यह दुखद घटना कैसे हुई। मृतक युवक की पहचान अंजन साधुखान (30) के रूप में हुई है। वह कोलकाता के ठाकुरपुकुर इलाके का निवासी था। वह जोका से ठाकुरपुकुर अपने घर लौट रहे थे। बाइक पर एक युवती भी सवार थी, जिनकी पहचान प्रिया दास (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने एक बयान में यह भी कहा कि बाइक पीछे से आई कार से टकराने के कारण गिर गई। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को कोलकाता के विद्यासागर स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस यह भी जांच रही है कि बाइक की गति अधिक थी या नहीं और क्या ड्राइवर ने ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं किया। साथ ही, टक्कर मारने के बाद फरार हुई कार का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# निलंबित एईआरओ ने आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए राज्य के इशारे पर काम किया : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सात सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) को निलंबित किए जाने के मामले में सोमवार को कहा कि यह पहली बार है जब निर्वाचन आयोग ने अपनी वैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए एसआईआर से संबंधित भ्रष्टाचार में दोषी पाए गए अधिकारियों पर सीधे कार्रवाई की। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने इन अधिकारियों को इस तरह के कृत्य करने के लिए उकसाया, जिससे चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताएं पैदा हुईं। उन्होंने कहा कि यह कदम आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा नेता ने



कहा कि निर्वाचन आयोग का यह अभूतपूर्व कदम था। किसी अन्य राज्य में जहां विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया हो रही है, वहां के सरकारी अधिकारियों के खिलाफ ऐसे कोई कदम नहीं उठाए गए। अधिकारियों ने आयोग के निर्देशों का गंभीर उल्लंघन किया।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया, कि सत्यापन के दौरान उन्होंने फर्जी विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र, पैन कार्ड और नोटरीकृत हलफनामे को दस्तावेजों के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस और जिला प्रशासन के दबाव में फर्जी मतदाताओं के नाम शामिल किए, साथ ही मुख्य सचिव के इशारों पर भी काम किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग से संबंधित सभी फाइल मुख्य सचिव के कार्यालय द्वारा संभाली जानी चाहिए। भाजपा विधायक ने कहा कि लेकिन बंगाल में, ये फाइल मुख्यमंत्री को भेजी जाती हैं, जो आगे की कार्रवाई पर निर्णय लेती हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अन्य राज्य ऐसा नहीं करता, यहां तक कि आम चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री भी नहीं।

## युवाओं से धोखा और लाइन में खड़ा करने की राजनीति कर रही ममता सरकार : शुभेंदु

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वायरल पोस्ट साझा करते हुए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तीखी आलोचना की है। शुभेंदु अधिकारी ने लिखा कि वायरल पोस्ट में युवक द्वारा व्यक्त की गई बात पूरी तरह सही है। उन्होंने दावा किया कि अकेले यह व्यक्ति नहीं, बल्कि लगभग 17 लाख युवक-युवतियां पहले भी इसी तरह फॉर्म भरकर ठगे गए थे। उनका आरोप है कि राज्य सरकार बार-बार युवाओं को सरकारी योजनाओं के नाम पर लाइन में खड़ा कर परेशान कर रही है, जबकि आज के समय में ऐसे काम घर बैठे ऑनलाइन आसानी से किए जा सकते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लोगों को कैंपों में बुलाकर समय और पैसे की बर्बादी कराना ममता सरकार की आदत बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक स्वार्थ के तहत लोगों को जानबूझकर परेशान करना अब सरकार की कार्यप्रणाली बन गया है। बीते दो महीनों में बीएलओ के माध्यम से जानबूझकर त्रुटियां कराकर लोगों को एसआईआर की सुनवाई में खड़ा किया गया और अब बेरोजगार युवाओं की बारी है। शुभेंदु अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन करने गए युवाओं को पुलिस की लाठियां झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा और मालदह के चांचल का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां बेरोजगार भत्ते के लिए आवेदन करने पर पुलिस बल प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार कभी 'युवाश्री' तो कभी 'युवासाथी' जैसे नाम बदलकर योजनाएं पेश करती है, लेकिन राज्य में उद्योग-धंधों और रोजगार के अवसरों के अभाव में युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। उनका आरोप है कि प्रतिभा का कोई मूल्य नहीं रह गया है। अंत में शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में युवाओं का सम्मान करती, तो उन्हें जबरन लाइन में खड़ा कर 'बेरोजगार' का ठप्पा लगाने के बजाय घर बैठे सम्मानपूर्वक फॉर्म भरने की सुविधा देती। ऐसा करने पर न तो पुलिस तैनात करनी पड़ती और न ही युवाओं पर लाठीचार्ज जैसी घटनाएं सामने आतीं।

## राज्य में एसआईआर प्रक्रिया ठीक ढंग से करने के लिये धारा 356 लागू करना होगा : जगन्नाथ सरकार

**आसनसोल :** आसनसोल के नार्थ धधका स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला पार्टी कार्यालय में पहुंचे राणाघाट के भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार ने चुनाव आयोग के द्वारा उठाई गये इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के बीच कुछ अधिकारियों द्वारा गंभीर कदाचार, कर्तव्य में लापरवाही और वैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग करने को लेकर भी चिंता जतायी गयी है। कुछ ईआरओ और एईएओ अधिकारियों की वजह से एसआईआर प्रक्रिया सही ढंग से नहीं चल रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को ठीक ढंग से चलाने के लिये राज्य में धारा 356 लागू करना होगा। तभी राज्य में सुचारु ढंग से एसआईआर की प्रक्रिया चल पाएगी। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान अनियमितता बरतने के मामले मे एईआरओ, आरओ और डीएम भी शामिल हैं, जिनकी मदद और सहयोग से अवैध वोटरों को राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये दस्तावेजों के आधार पर मतदाता



सूची में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। वो भी चुनाव आयोग द्वारा लगाए गए तमाम नियमों को ताख पर रखकर यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी की पहले भी मांग कर रही थी और अब भी यह मांग कर रही है कि राज्य के तमाम वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल होश्र लेकिन जितने भी बांग्लादेशी, अवैध धुसपैठिया, मृत, अवैध मतदाता हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तो सात अधिकारियों के नाम ही सामने आए हैं। बहुत जल्द अन्य अधिकारियों के नाम सामने आएंगे और उन पर भी चुनाव आयोग कार्रवाई करेगी।

## माकपा की राज्य कमेटी के सदस्य प्रतीक उर रहमान ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की राज्य कमेटी के सदस्य प्रतीक उर रहमान ने सोमवार को पार्टी से यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि वह कुछ मुद्दों पर नेतृत्व के विचारों और रणनीतियों के साथ खुद को जोड़ने में असमर्थ हैं। माकपा के एक पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने अभी तक रहमान के इस्तीफे पर निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने माकपा की राज्य कमेटी के साथ-साथ इसकी प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने त्याग पत्र में कहा कि मैं हाल के दिनों में कुछ मुद्दों पर पार्टी के जिला और राज्य नेतृत्व के विचारों और रणनीतियों के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ हूं। माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य समिक



लाहिड़ी ने बताया कि हम उनसे (रहमान से) बात करेंगे। उल्लेखनीय है कि हाल में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में रहमान ने कहा था कि सिद्धांतों और विचारधारा के बिना कोई भी कम्युनिस्ट पार्टी का हिस्सा नहीं बन सकता।

**❑ उषासी चक्रवर्ती ने कहा... 'हम अपनी रीढ़ की हड्डी सीधी रखें'**

प्रतीक-उर-रहमान के माकपा राज्य समिति से इस्तीफा देने के बाद अभिनेत्री, सीपीएम समर्थक और श्याममल चक्रवर्ती की बेटी उषासी चक्रवर्ती ने फेसबुक पर एक लंबी पोस्ट लिखी है। हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर प्रतीक-उर रहमान का नाम नहीं लिया, लेकिन सीपीएम से उनके अलग होने के संदर्भ में उन्होंने माओ और नेपाल देव भट्टाचार्य का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने लिखा कि रवींद्रनाथ टैगोर के इस प्रसिद्ध कथन को मत भूलिएगा। हम जैसे कुछ मूर्खों के लिए, हार या जीत से भी ज़्यादा ज़रूरी है कि हम अपनी रीढ़ की हड्डी सीधी रखें। हमें उम्मीद है कि जिन्हें हम अपना अनमोल मानते हैं, वे भी ऐसा ही करेंगे।

**❑ मीनाक्षी मुखर्जी ने शीर्ष नेतृत्व पर फोड़ा ठीकरा**

दूसरी ओर, सीपीएम नेता मीनाक्षी मुखर्जी ने एक परिपक्व राजनीतिज्ञ की तरह प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पूरे मामले की जिम्मेदारी सीपीएम के शीर्ष नेतृत्व पर डाली है। उन्होंने इस पर अलग से कोई टिप्पणी नहीं की। मीनाक्षी मुखर्जी ने कहा कि मैंने इसे फेसबुक पर देखा। हमारे पार्टी नेता वहां हैं। वे पूरी कहानी बताएंगे। पार्टी में प्रतीक-उर की अहमियत की ओर हल्का इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि वह हमारी पार्टी के नेता हैं। राज्य भर में हमारे पार्टी के साथी संघर्ष कर रहे हैं। प्रतीक-उर ने भी संघर्ष किया है। सभी कार्यकर्ताओं ने जी-जान से लड़ाई लड़ी है। अगर पार्टी में एक भी कार्यकर्ता पार्टी का काम नहीं करता है, तो यह हमारा नुकसान है। हमारा नुकसान मेहनतकश लोगों का नुकसान है। हम उस नुकसान के खिलाफ लड़ रहे हैं।

## चार बार एसआईआर सुनवाई के नोटिस से दहशत, हार्ट अटैक से डानकुनी में बुजुर्ग की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर सियासी आरोप-प्रत्यारोप के बीच एक और शख्स की जान चली गई। इस बार, हुगली जिले के डानकुनी इलाके में झाल मुड़ी बेचने वाले एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान शेख अनवर (60) के रूप में की गई है। शेख अनवार का घर हुगली की डानकुनी नगरपालिका के वार्ड 20 में है। शेख अनवार की मौत के लिए उनके परिवार और स्थानीय लोगों ने एसआईआर प्रक्रिया को जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों और पड़ोसियों के मुताबिक, शेख अनवार रोज की तरह रविवार की रात को भी दुकान बढ़ाकर इलाके में लोगों से बातचीत करते रहे। वे अपनी पहचान वाली चाय की दुकान पर गए, वहां चाय पी और अपने पोतों के लिए चिप्स के पैकेट खरीदकर घर लौटे थे। लेकिन सोमवार की सुबह उनकी मौत की खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। परिवार और स्थानीय लोगों का दावा है कि वोटर लिस्ट के लिए एसआईआर प्रक्रिया के दौरान उन्हें चार बार सुनवाई केंद्र पर बुलाया गया था। आर्थिक रूप से कमजोर हालात में गुजर-बसर करने वाले अनवार इस मामले को लेकर काफी परेशान रहते थे। बताया गया कि उन्होंने मांगे गए सभी दस्तावेज जमा कर दिए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि आखिर गलती कहां हो रही है?

### नोआपाड़ा मेट्रो स्टेशन पर मिला खोया मोबाइल, जांच के बाद महिला यात्री को लौटाया गया

**कोलकाता :** आमार मेट्रो, कोलकाता के अंतर्गत नोआपाड़ा मेट्रो स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के एक कर्मी ने 13 फरवरी को लगभग 11 बजकर 55 मिनट पर नियमित जांच के दौरान एक लावारिस मोबाइल फोन बरामद किया। बरामद मोबाइल को तत्काल स्टेशन मास्टर के कार्यालय में जमा करा दिया गया। इसके बाद सभी मेट्रो स्टेशनों को नियंत्रण संदेश के माध्यम से सूचना भेजी गई। कुछ समय पश्चात एक महिला यात्री नोआपाड़ा मेट्रो स्टेशन के स्टेशन मास्टर कार्यालय पहुंचीं और मोबाइल पर अपना स्वामित्व जताया। आवश्यक जांच-पड़ताल तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद मोबाइल फोन उन्हें सौंप दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर महिला यात्री ने मेट्रो रेलवे प्रशासन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## कांचरापाड़ा में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी, इलाके में सनसनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के कांचरापाड़ा नगरपालिका के वार्ड 22 में पत्नी के साथ पारिवारिक विवाद के चलते एक 28 वर्षीय युवक ने सोमवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुराज माझी के रूप में हुई है। मृतक हालीशहर जूट मिल में कार्यरत था। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, पत्नी के साथ लगातार हो रहे विवाद के कारण युवक ने घर के भीतर फांसी लगा ली। हालांकि, विवाद की असल वजह क्या थी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि दंपती के संबंधों में किसी तीसरे व्यक्ति की भूमिका तो नहीं थी। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार रात दोनों के बीच झगड़ा बढ़ गया और सोमवार की सुबह भी विवाद होने की बात सामने आई है। इसके कुछ ही देर बाद युवक ने कथित तौर पर आत्मघाती कदम उठा लिया। परिजनों ने उसे तुरंत कल्याणी जेएनएम अस्पताल (कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### आईआईएफएल फाइनेंस ने 9% तक वार्षिक रिटर्न के साथ 2,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किए

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश की प्रमुख एनबीएफसी कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड ने 9 प्रतिशत तक वार्षिक प्रभावी रिटर्न वाले रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) का पब्लिक इश्यू लॉन्च किया है। यह इश्यू 17 फरवरी 2026 से खुलेगा और 4 मार्च 2026 को बंद होगा। इश्यू का बेस साइज 500 करोड़ रुपये है, जिसमें 1,500 करोड़ रुपये तक के ग्रीन-शू विकल्प सहित कुल इश्यू साइज 2,000 करोड़ रुपये है। एनसीडी 24, 36 और 60 महीनों की अवधि के लिए उपलब्ध होंगे तथा ब्याज भुगतान मासिक, वार्षिक या परिपक्वता पर किया जाएगा। इश्यू को क्रिसिल द्वारा 'एए/स्टेबल' और ब्रिकवर्क रेटिंग्स द्वारा 'एए+/स्टेबल' रेटिंग दी गई है। कंपनी के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 तक उसका एयूएम 98,336 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक निर्मल जैन ने कहा कि इस फंड के माध्यम से कंपनी क्रेडिट पहुंच का विस्तार करेगी और अपने फंडिंग स्रोतों को मजबूत बनाएगी। एनसीडी बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे।

### आइस मेक ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में 39 प्रतिशत राजस्व वृद्धि दर्ज की

**कोलकाता, समाज्ञा :** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के परिणाम घोषित करते हुए 39 प्रतिशत की वार्षिक राजस्व वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का समेकित परिचालन राजस्व 153.36 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 110.56 करोड़ रुपये से उल्लेखनीय रूप से अधिक है। तीसरी तिमाही में कर पूर्व लाभ 1.90 करोड़ रुपये तथा कर पश्चात लाभ 1.45 करोड़ रुपये रहा। प्रति शेयर आय 0.93 रुपये दर्ज की गई। वित्तीय लागत और विस्तार से संबंधित मूल्यह्रास में वृद्धि के बावजूद कंपनी ने लाभप्रदता की निरंतरता बनाए रखी। 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों में कंपनी का कुल समेकित परिचालन राजस्व 412.35 करोड़ रुपये रहा, जबकि कर पूर्व लाभ 2.83 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 2.01 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। कंपनी के सीएमडी चंद्रकांत पी पटेल ने कहा कि कंपनी नवाचार, विश्वसनीयता और भारत की कोल्ड चेन अवसंरचना के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। कंपनी के सीईओ एम. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि नए व्यापारिक खंडों की शुरुआत और बाजार विस्तार से कंपनी को दीर्घकालिक विकास में मजबूती मिलेगी।

### इंस्टामार्ट पर वैलेंटाइन डे ट्रेंड: हर मिनट 1,042 चॉकलेट और 25,000 का चॉकलेट ऑर्डर

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैलेंटाइन डे से पहले इंस्टामार्ट पर गिफ्टिंग ट्रेंड में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। 14 फरवरी से पूर्व सप्ताह में वैलेंटाइन से जुड़ी खोज और प्रीमियम गिफ्टिंग में दस गुना तक वृद्धि देखी गई। गुलाब, दिल के आकार वाली चॉकलेट, ज्वेलरी, ग्रीटिंग कार्ड और प्लश टॉय की बिक्री में साल-दर-साल तेज बढ़ोतरी दर्ज हुई। 14 फरवरी के ऑर्डर विश्लेषण के अनुसार, लगभग आधे ऑर्डर 'ऑर्डर फॉर अदर्स' श्रेणी में रहे, यानी हर दूसरा ऑर्डर सीधे किसी खास व्यक्ति को भेजा गया। 14 फरवरी को सुबह 11:59 बजे चॉकलेट ऑर्डर चरम पर रहे, जब एक ही मिनट में 1,042 चॉकलेट ऑर्डर किए गए। दिल के आकार वाली चॉकलेट की खोज में 500 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई। कोलकाता में एक ग्राहक ने 25,000 से अधिक का प्रीमियम चॉकलेट कार्ट ऑर्डर किया।

## आवास योजना की सूची से नाम हटने पर महिला ने बीडीओ कार्यालय में आत्महत्या की कोशिश

**मालदह :** आवास योजना की सूची से अंतिम समय में नाम हटाए जाने से आहत एक महिला ने आत्महत्या की कोशिश की है। पता चला है कि सोमवार की दोपहर मालदह जिले के हरिश्चंद्रपुर-2 ब्लॉक स्थित बीडीओ कार्यालय के अंदर शुक्तारा खातून ने जहर पी लिया। घटना के बाद तुरंत महिला को हरिश्चंद्रपुर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वर्णाही गांव निवासी शुक्तारा खातून अत्यंत गरीब परिवार से हैं। उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में था। सोमवार को जब वह ब्लॉक कार्यालय में अपना विवरण जांचने पहुंची, तो पता चला कि किसी अज्ञात कारण से उनका नाम सूची से हटा दिया गया है। कारण जानने के प्रयास में असफल रहने और निराशा के चलते उन्होंने बीडीओ के कक्ष के सामने ही अपने साथ लाई जहर की बोतल पी ली। मौके पर मौजूद लोगों और अधिकारियों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। दावा है कि इलाके में आवास योजना की सूची में नाम जोड़ने या हटाने के लिए एक सक्रिय दलाल गिरोह काम कर रहा है। आरोप है कि नाम बरकरार रखने के लिए 40 से 50 हजार रुपये की मांग की जाती है और पैसा न देने पर नाम काटने की धमकी दी जाती है। शुक्तारा खातून के मामले में भी ऐसी आशंका जताई जा रही है। हालांकि, प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

## सीकर नागरिक परिषद 19 फरवरी को ऑकल्ट (रहस्यमय विज्ञान शिविर) मेले का करेगा आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद की ओर से 19 फरवरी, गुरुवार को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक सीकर भवन में ऑकल्ट (रहस्यमय विज्ञान शिविर) मेला आयोजित किया जाएगा। सोमवार को सीकर भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में परिषद के सचिव रवि शंकर सिकरिया ने बताया कि पहली बार विभिन्न आध्यात्मिक एवं रहस्यमयी विद्याओं को एक ही छत के नीचे प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य उषा अग्रवाल, अंक ज्योतिषाचार्य (न्यूमेरोलॉजिस्ट) रश्मि सराफ, प्राणिक हिलर किरण सोढाऩी, ग्राफोलॉजिस्ट शिखा सरिया, टैरो कार्ड रीडिंग श्रद्धा केजरीवाल एवं वास्तु शास्त्री अदिति केजरीवाल जैसे अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन एवं व्यक्तिगत परामर्श प्रदान किया जाएगा। पूरा शिविर पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। फ्री हीलिंग कैंप एवं ट्विन हार्ट मेडिटेशन का आयोजन भी इस शिविर में किया गया है। प्राणिक हीलिंग के इस विशेष सत्र में लोगों को हीलिंग के माध्यम से त्वरित राहत का अनुभव कराने का प्रयास किया जाएगा। यह ध्यान सत्र तनाव एवं चिंता से मुक्ति, भावनात्मक संतुलन, बेहतर स्वास्थ्य तथा आंतरिक शांति प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

परिषद द्वारा प्रायोजित इस आयोजन में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ प्राप्त हो सके। इच्छुक व्यक्ति पंजीकरण तथा अधिक जानकारी के लिए सीकर भवन में इस नंबर पर 033-40064713 / 22573521 संपर्क कर सकते हैं।

अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों के जीवन की जटिलताओं को कम करना, सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होने हेतु प्रेरित करना है। परिषद के अध्यक्ष ब्रह्मानंद अग्रवाल ने कहा कि यह शिविर लोगों के जीवन में उत्पन्न जटिलताओं को कम करने तथा आध्यात्मिक एवं ज्ञानवर्धक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

## तृणमूल कांग्रेस और भाजपा को राज्य की सत्ता में नहीं आने दूंगा : हुमायूं कबीर

**मुर्शिदाबाद :** जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर ने विधानसभा चुनाव से पहले दावा किया है कि वह भाजपा को राज्य की सत्ता में नहीं आने देंगे। सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान हुमायूं कबीर ने कहा कि मैं भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों पार्टी को चुनौती देता हूं कि भाजपा को सत्ता में नहीं आने दूंगा और तृणमूल को भी सत्ता में वापसी नहीं करने दूंगा। विधानसभा चुनाव लड़ने पर जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर ने कहा कि हम कुछ दूसरी पार्टियों के साथ मिलकर 182 सीटों पर लड़ने जा रहे हैं। हावड़ा, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व मेदिनीपुर, कोलकाता में चुनाव लड़ने का काम करेंगे। हम लोग पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ने के लिए तैयार



हैं। हुमायूं कबीर ने कहा कि लोगों को नौकरी चाहिए, किसी को भीख नहीं चाहिए। किसी ने डबल एमए किया है, किसी ने ग्रेजुएशन किया है। 1500 रुपए में क्या होता है। हमारी सरकार आने दीजिए किसी भी युवक जो कि शिक्षित है, उसे नौकरी दी जाएगी। जो भी पढ़े-लिखे हैं उन्हें नौकरी मिलनी ही चाहिए।

# हिंदी साहित्य परिषद के कवि सम्मेलन से शरत सदन में उमड़ा साहित्य प्रेमियों का महाकुंभ

## हिंदी साहित्य परिषद मंच पर गीत महर्षि संतोष आनंद के गीतों ने मन मोह लिया सबका मन

**हावड़ा :** महाशिवरात्रि के पर्व और भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के रोमांच के बीच हावड़ा का शरत सदन हिंदी साहित्य की रसधारा में डूबा नजर आया। हिंदी साहित्य परिषद द्वारा आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में हजारों की संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि कविता का आकर्षण आज भी कायम है।

तिनसुकिया असम से पधारे साहित्य प्रेमी मनोज मोदी ने मंच का गठन किया और मंच पर अतिथियों का सम्मान कर आतिथ्य की परंपरा को गौरव प्रदान किया। तदोपरांत उद्योगपति समाजसेवी और संस्था के चेयरमैन तारकनाथ दुबे के स्वागत भाषण से हुआ, जिन्होंने साहित्य के प्रति अपने गहरे अनुराग को साझा किया। हिन्दी साहित्य परिषद के अध्यक्ष संजय



शुक्ल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में हिन्दी भाषा एवं साहित्य के संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगरा की डॉ ज्योत्सना शर्मा के सरस्वती वंदना से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उत्सव मूर्ति गीत महर्षि संतोष आनंद ने अपनी चिरपरिचित मधुर शैली और कालजयी रचनाओं से श्रोताओं को भावुक कर दिया। एक प्यार का नगमा है जैसी रचनाओं के रचयिता ने जब मंच संभाला, तो पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। काफी देर तक श्रोता खड़े होकर तालियां बजाते रहे। उन्होंने अपनी लेखनी से न केवल शब्दों का जाल बुना बल्कि संवेदनाओं का एक ऐसा संसार रचा जिसमें हर कोई डूबता चला गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र का संचालन कवि जयकुमार 'रुसवा' ने किया। आगरा से आईं वरेण्य कवयित्री डॉ ज्योत्स्ना शर्मा ने अपनी काव्य प्रस्तुति से स्त्री मन की सूक्ष्म भावनाओं को उकेरा, वहीं, कोल इंडिया के अधिकारी और कवि ओम प्रकाश मिश्रा के मधुर गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यकारिणी के आदित्य त्रिपाठी, प्रणति ठाकुर , संजय शुक्ल, कमल अपरिचित, मौसमी प्रसाद, डॉ क्षिप्रा मिश्रा, शकील गोंडवी, विजय इस्सर, रीमा पाण्डेय और देवेश मिश्रा कवियों ने भी काव्य पाठ किया। आर.आई.एस. ग्रुप , सूप्रा पेन मेडियोन डायग्नोस्टिक, फर्स्ट यूनिफार्म और कोल इंडिया लिमिटेड से विज्ञापित एवं आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के प्रत्येक सक्रिय सदस्य की मेहनत साफ झलक रही थी। विपरीत परिस्थितियों और बड़े आकर्षणों (मैच एवं पर्व) के बावजूद शरत सदन का खचाखच भरा होना आयोजकों की सबसे बड़ी विजय रही। साहित्य जब समाज को जोड़ता है, तो इतिहास रचा जाता है। हावड़ा की यह शाम शब्दों के उन जादूगरों के नाम रही, जिन्होंने हमें फिर से मनुष्य होना सिखाया।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
■ MATRIMONIAL ■ EDUCATION ■ OBITUARY
■ PROPERTY ■ NAME CHANGE ■ REMEMBRANCE
■ RECRUITMENT ■ PUBLIC NOTICE ■ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान : पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी पति की हत्या; दोनों गिरफ्तार

**जयपुर:** अनूपगढ़ जिले के गांव चार जेडडब्ल्यूएम में एक महीने पहले हुई 32 वर्षीय युवक भजनलाल की हत्या उसकी ही पत्नी ने अपने प्रेमी और एक नाबालिग के साथ मिल कर कराई थी। पुलिस ने यह खुलासा करते हुए बताया कि आरोपियों को पकड़ लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पत्नी इंद्रा देवी ने अपने प्रेमी प्रभुदयाल और एक नाबालिग के साथ मिलकर 16 जनवरी को अपने पति भजनलाल की हत्या की। पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि इंद्रा देवी ने अपने प्रेमी प्रभुदयाल के साथ मिलकर पति की हत्या का षड्यंत्र रचा और भजनलाल जब घर से मोटरसाइकिल से किसी काम के लिए निकला तो इंद्रा देवी ने अपने प्रेमी प्रभुदयाल को फोन करके इसकी जानकारी दी।

### झारखंड में बच्चा चोर होने के संदेह में ग्रामीणों ने महिला सहित पांच लोगों की पिटाई की

**जमशेदपुर/चतरा (झारखंड):** झारखंड के विभिन्न जिलों में बच्चा चोरी की अलग-अलग घटनाओं के संदेह में ग्रमीणों ने एक महिला समेत पांच लोगों की पिटाई कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के चंदनपुर गांव में ग्रामीणों ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के रहने वाले दो सपेरों को कथित तौर पर बंधक बना लिया और उनकी पिटाई की। श्यामसुंदरपुर थाने के प्रभारी सुनील कुमार भोक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर 30 से 35 वर्षीय को दो सपेरे गांवों में सांपों का खेल दिखाने आए थे तभी ग्रामीणों ने उन्हें बंधक बना लिया। थाना प्रभारी ने बताया, ग्रामीणों को उनके बच्चा चोर होने का संदेह था जिसकी वजह से उन्होंने उन्हें बंधक बना लिया। कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट भी की। घटना की सूचना मिलने के बाद हमने दोनों को बचाया।

### बलिया में टंकी के अचानक फटने से महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में वाहनों में हवा भरने में प्रयुक्त टंकी के सोमवार को अचानक फटने से दुकानदार की पत्नी की मौत हो गई जबकि दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दोपहर बांसडीह-सहतवार मार्ग पर स्थित केवरा गांव में रवि कुमार वर्मा की दोपहिया व चार पहिया वाहनों में हवा भरने की दुकान पर वाहनों में हवा भरने में प्रयुक्त टंकी जोरदार धमाके के साथ अचानक फट गई।

# सपा और कांग्रेस में भारत की आस्था के प्रति सम्मान नहीं : योगी आदित्यनाथ

### जनपद स्तर पर ही समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से यह भी अनुरोध किया कि वे लखनऊ आने से पहले अपनी समस्याओं को लेकर जिला और मंडल स्तर के अधिकारियों से मिलें और अगर वहां उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाता है तो लखनऊ जरूर आएं।



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि आक्रांताओं का महिमामंडन और देशद्रोही तत्वों के समर्थन में बयानबाजी करना किसी राष्ट्रद्रोह से कम नहीं है तथा इन दलों की प्रवृत्ति यह दिखाती है कि उनमें 'भारत की आस्था' के प्रति कोई सम्मान नहीं है। योगी ने विधान परिषद में अपने संबोधन में कहा कि 'भारत की आस्था' उत्तर प्रदेश में निवास करती है। उन्होंने कहा,' प्रदेश अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति करता है और विरासत से युक्त विकास ही एक उज्जवल भविष्य की आधारशिला होता है, लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए अगर कोई उन आक्रांताओं का महिमामंडन करता है, जिन्होंने भारत की आत्मा पर प्रहार किया और 'भारत की आस्था' को रौंदने का कार्य किया तो आज का नया उत्तर प्रदेश इसको स्वीकार करने को तैयार नहीं है।' मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा, 'आक्रांताओं का महिमामंडन करना, देशद्रोही तत्वों के समर्थन में बयानबाजी करना और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करना किसी राष्ट्रद्रोह से कम नहीं है।' योगी ने कहा, 'अगर हम आक्रांताओं का महिमामंडन कर रहे हैं और राष्ट्र के प्रतीकों यानी तिरंगे और राष्ट्रीय गीत का अपमान कर रहे हैं, तो एक प्रकार से हम संविधान की अव-हेलना कर रहे हैं।' उन्होंने सवाल किया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक तरफ संविधान के नाम पर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ वंदे मातरम जैसे राष्ट्रीय गीत का विरोध कर रहे हैं। योगी ने आरोप लगाया, 'सपा और कांग्रेस के सदस्य धड़ल्ले से बोल रहे हैं कि वह वंदे मातरम के लिए नहीं खड़े होंगे। यानी हिंदुस्तान में रहोगे और भारत के राष्ट्रगान तथा राष्ट्रीय गीत को गाने में दिक्कत होती है? यह चीज नहीं चल सकती हैं।'' उन्होंने कहा, 'मुझे आश्चर्य होता है कि समाजवादी पार्टी के लोग गाजी (सूफी संत सैयद सालार गाजी) के मेले का समर्थन करते हैं। गाजी भारत की परंपरा और संस्कृति को रौंदने के लिए आया था। श्रावस्ती के तत्कालीन नरेश महाराजा सुहेलदेव के नेतृत्व में हिंदू राजाओं ने उसको रौंद डाला। सम्मान तो सुहेलदेव को मिलना चाहिए था और हमें आनंद की अनुभूति होती है कि हमारी 'डबल इंजन' की सरकार ने महाराजा सुहेलदेव के नाम पर बहराइच में उनका भव्य स्मारक बनाया है।' योगी ने समाजवादी पार्टी पर लोकमाता अहिल्याबाई के नाम पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आजादी के बाद लोकमाता अहिल्याबाई को 'डबल इंजन' की सरकार ने सम्मान दिया है।

### यूपी के कई अदालत परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी, सघन तलाशी अभियान

**लखनऊ/मेरठ/वाराणसी/आजमगढ़/अमरोहा/अलीगढ़:** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सोमवार को अदालत परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। राजधानी लखनऊ में जिला न्यायाधीश को ईमेल के जरिये धमकी भेजी गई, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन तुरंत सतर्क हो गया। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ते की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया गया। लखनऊ के वजीरगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सुबह करीब सात बजे धमकी भरा ईमेल मिला था। इसके बाद चैंबर, न्यायालय कक्ष, रिकॉर्ड रूम और कूड़ेदान तक की गहन जांच की गई। लगभग चार घंटे चले अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मेरठ में भी जिला अदालत को ईमेल से बम विस्फोट की धमकी दी गई। एहतियातन कर्मचारियों और वादियों को बाहर निकालकर परिसर की तलाशी ली गई। सर्विलांस ड्रोन से बहुमंजिला इमारत की भी जांच कराई गई। जांच के बाद कामकाज सामान्य रूप से शुरू कर दिया गया। वाराणसी और अमरोहा में भी इसी तरह की धमकियां मिलीं। अमरोहा में दोपहर सवा 12 बजे विस्फोट की चेतावनी दी गई थी, जिसके बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई।

## एसआईआर में बड़े पैमाने पर समाजवादी पार्टी के समर्थकों के नाम हटाए गए : अखिलेश यादव



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि इसके लिये जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यादव ने यहां सपा कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठायेगी। सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी इस संबंध में मंगलवार को निर्वाचन आयोग को एक ज्ञापन भी सौंपेगी, जिसमें यह अपील की जाएगी कि एसआईआर में जो गड़बड़ियां की गयी हैं, उन पर किन नियमों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए और यदि कोई व्यक्ति गलत काम करने का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात के बाद सपा इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की कि फॉर्म-7 के जरिये नाम हटाने की प्रक्रिया सिर्फ बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) द्वारा शुरू की जानी चाहिए, किसी और माध्यम से नहीं। उन्होंने यह भी मांग की कि विधानसभा चुनाव क्षेत्र, बूथ नंबर और फॉर्म-7 जमा करने वाले व्यक्ति समेत पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि एसआईआर में सपा के समर्थकों के नाम गलत तरीके से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र में 16 मतदाताओं के नाम हटा दिये गये। विश्लेषण करने पर पता लगेगा कि वे पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समुदाय के हैं। यादव ने आरोप लगाया कि बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 365 पर जाली हस्ताक्षर का हवाला देकर लगभग 100 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये। उन्होंने कई मतदाताओं के नाम, उनके बूथ नंबर और उन्हें हटाने के लिए कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए फॉर्म-7 का विवरण भी पढ़कर सुनाया।

## लखनऊ मेट्रो ने क्यूआर-आधारित टिकट प्रणाली शुरू की

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में लखनऊ मेट्रो ने सोमवार को क्यूआर-आधारित टिकट प्रणाली की शुरुआत की, जिन्हें कहीं से भी बुक करके मेट्रो यात्रा को आसान बनाया जा सकता है। क्यूआर-आधारित टिकट प्रणाली का औपचारिक उद्घाटन हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने किया। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस नयी प्रणाली के तहत, यात्री आधिकारिक लखनऊ मेट्रो मोबाइल एप्लिकेशन - लखनऊ मेट्रो ऑफिशियल (प्ले स्टोर और आईओएस स्टोर पर उपलब्ध), टिकट वेंडिंग मशीनों (टीवीएम) और टिकट काउंटरों के माध्यम से आसानी से क्यूआर टिकट बुक कर सकते हैं। बयान में कहा गया है कि आधिकारिक मोबाइल ऐप के माध्यम से बुक किए गए टिकट यात्री के मोबाइल फोन पर डिजिटल क्यूआर प्रारूप में उपलब्ध होंगे, जबकि पेपर-आधारित क्यूआर टिकट टिकट



काउंटरों और निर्दिष्ट टिकट वेंडिंग मशीनों से प्राप्त किए जा सकते हैं। क्यूआर टिकट वाले यात्री पीले रंग की पट्टियों से चिह्नित स्वचालित किराया संग्रह (एएफसी) गेटों पर क्यूआर कोड को स्कैन करके मेट्रो स्टेशनों में प्रवेश और निकास कर सकते हैं। मेट्रो प्रशासन ने सभी मेट्रो स्टेशनों पर क्यूआर-कोड समर्थित नई टिकट वेंडिंग मशीनें (टीवीएम) स्थापित की हैं। बयान में कहा गया है कि यात्रियों की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्टेशन पर कम से कम एक क्यूआर-कोड समर्थित टीवीएम और एक क्यूआर-कोड समर्थित टिकट काउंटर उपलब्ध कराया गया है। क्यूआर समर्थित टिकट वेंडिंग मशीनों में यूपीआई भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। अन्य टिकट वेंडिंग मशीनें पहले की तरह टोकन आधारित यात्रा सुविधाएँ प्रदान करती रहेंगी। इस अवसर पर सुशील कुमार ने अपने संबोधन में कहा, क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली की शुरुआत लखनऊ मेट्रो के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### विभिन्न शिकायतों को लेकर 178 निजी अस्पतालों के लाइसेंस निरस्त किये : यूपी सरकार

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को कहा कि राज्य में विभिन्न शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 178 निजी अस्पतालों के लाइसेंस निरस्त किये गये हैं। उनमें से 59 के लाइसेंस आवश्यक सुनवाई के बाद बहाल कर दिये गये हैं। विधानसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य अतुल प्रधान के एक अनुपूरक प्रश्न का जवाब देते हुए पाठक ने कहा, 'निजी अस्पतालों के खिलाफ करीब 500 शिकायतें मिलीं और हमने 1678 अस्पतालों के लाइसेंस निरस्त कर दिए थे। इसके बाद कुछ अस्पतालों ने सम्बन्धित प्राधिकरण में अपील की थी, जिसमें सुनवाई के बाद 59 निजी अस्पतालों के लाइसेंस बहाल कर दिये गये थे।' पाठक ने सदन को यह भी बताया कि नियमों का उल्लंघन कर संचालित किये जा रहे 281 निजी अस्पतालों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। इसके अलावा 533 अस्पताल सील किये गये।

## न्यूज अपडेट

### उच्च शिक्षा को अधिक रोजगारपरक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है राजस्थान सरकार : मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में नवाचार, तकनीक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे युवाओं का रोजगार प्राप्ति के साथ ही चरित्र निर्माण भी हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने तथा उसे और अधिक रोजगारपरक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शर्मा ने यहां 'अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2026' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे युवाओं की ऊर्जा एवं क्षमताओं का इस्तेमाल राष्ट्र निर्माण में करने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को ऐसी शिक्षा चाहिए, जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम हो तथा जहां वेदों के ज्ञान के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता की समझ हो, संस्कृत के श्लोकों के साथ कोडिंग की भाषा हो तथा योग और ध्यान के साथ रोबोटिक्स और नैनो प्रौद्योगिकी भी हो। राज्य सरकार की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज विश्व का सबसे युवा देश है। युवाओं को सही शिक्षा, कौशल और मार्गदर्शन देकर इस ताकत का उपयोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को पाने के लिए किया जा सकता है।

### हरदोई में मनाया गया बकरियों का 'जन्मदिन', 200 लोगों की दावत, डीजे पर थिरके लोग

**हरदोई (उप्र):** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में एक पशुपालक ने अपनी दो बकरियों का 'जन्मदिन' धूमधाम से मनाया। 'स्वीटी' और 'मोनिका' का जन्मदिन कोई साधारण आयोजन नहीं था बल्कि इसमें पूरे रीति-रिवाज, भक्ति और भव्यता का संगम देखने को मिला। इस आयोजन की क्षेत्र में खासी चर्चा है। इसका वीडियो भी मौजूद है। स्थानीय निवासी सोनू ने बताया कि सदर तहसील के गौरा डांडा गांव में रहने वाले पशुपालक लालाराम श्रीवास्तव ने बाकायदा निमंत्रण पत्र छपवाकर ग्रामीणों को आमंत्रित किया था। रविवार की रात जश्न की शुरुआत धार्मिक अनुष्ठानों से हुई, जिसमें रामायण और भागवत का पाठ किया गया। बकरियों को नहलाकर फूल मालाएं और नए 'वस्त्र' धारण कराये गये। उन्हें 'बर्थ डे कैप' पहनायी गयी और परम्परागत तरीके से केक भी काटा गया। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, लालाराम ने आयोजन में कोई कमी नहीं रखी। बाकायदा डीजे का इंतजाम किया गया जिसकी धुनों पर गांव के बच्चे, युवा और बुजुर्ग जमकर थिरके। करीब 200 लोगों के लिए शानदार दावत का इंतजाम भी था।

### नीतीश ने योजना के तहत 25 लाख महिलाओं के खातों में दस-दस हजार रुपये हस्तांतरित किए

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत 25 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये हस्तांतरित किए। इस योजना का उद्देश्य स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों के माध्यम से महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने अपने आधिकारिक आवास '1 अणे मार्ग' पर आयोजित कार्यक्रम में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से कुल 2,500 करोड़ रुपये की राशि वितरित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर 2025 में बिहार की 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत की थी। अधिकारियों ने बताया कि अब तक लगभग 1.81 करोड़ महिलाएं दस-दस हजार रुपये प्राप्त कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं ने इस राशि का उपयोग व्यवसाय स्थापित करने के लिए किया है, उन्हें जल्द ही दो लाख रुपये और मिलेंगे।

### चंद्रबाबू नायडू ने बिल गेट्स को आंध्र प्रदेश सरकार की कई पहल से अवगत कराया

**अमरावती:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने व्हाट्सऐप के जरिये सरकारी सेवाओं तक लोगों को पहुंच प्रदान करने, संजीवनी परियोजना और राजधानी अमरावती से जुड़ी विकास परियोजनाओं सहित राज्य सरकार की कई पहल से माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स को सोमवार को अवगत कराया। राज्य सचिवालय में 'रियल टाइम गवर्नेंस सिस्टम' (आरटीजीएस) पर प्रस्तुति के दौरान मुख्यमंत्री ने गेट्स को बताया कि राज्य ने 'डेटा लेक' के माध्यम से सभी विभागों को एकीकृत किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, 'गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स ने मुख्यमंत्री नायडू के साथ सचिवालय में आरटीजीएस का दौरा किया। गेट्स ने शासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग को देखा।

---

समाचार

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

**17.02.2026 : मंगल दान श्राद्ध की भोमवती अमावस्या**
**18.02.2026 : चन्द्रदर्शन**
**21.02.2026 : वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत**

# तर्पण, दान और साधना से खुलेगा सुख-समृद्धि का मार्ग

हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि को पितरों का दिन माना गया है और फाल्गुन मास की अमावस्या का महत्व विशेष रूप से बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन पितृ तर्पण, दान और साधना करने से पितृदोष शांत होता है और घर-परिवार में सुख, शांति और उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, साल 2026 में फाल्गुन अमावस्या 17 फरवरी, मंगलवार को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, मंगलवार के दिन अमावस्या होने के कारण इसे 'भौमवती अमावस्या' का दुर्लभ संयोग भी माना जा रहा है। जो कर्ज से मुक्ति और मंगल दोष के निवारण के लिए अत्यंत फलदायी है। गरुड़ पुराण और मत्स्य पुराण में उल्लेख है कि अमावस्या पर पितरों के निमित्त किए गए कर्म कई गुना फल प्रदान करते हैं। यदि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक कुछ विशेष उपाय किए जाएं तो पितृदेवों की कृपा अवश्य प्राप्त होती है।

### 1. विधिपूर्वक तिल तर्पण करें

प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। दक्षिण दिशा की ओर मुख करके तांबे के पात्र में जल, काला तिल, अक्षत और कुश मिलाकर पितरों का तर्पण करें। ॐ पितृभ्यः स्वधा नमः मंत्र का उच्चारण करते हुए तीन बार जल अर्पित करें। मान्यता है कि इससे पितृदोष का शमन होता है और वंश में चल रही बाधाएं दूर होती हैं।

### 2. दीपदान करें

पितृ शांति के लिए दीपदान संध्या समय घर के दक्षिण कोने या आंगन में सरसों के तेल का दीपक जलाएं। दीपक में काला तिल अवश्य डालें। यह उपाय पितरों को प्रकाश अर्पित करने का प्रतीक माना गया है। इससे घर में व्याप्त



नकारात्मक ऊर्जा कम होती है और मानसिक शांति बढ़ती है।

### 3. पीपल और जल स्रोत पर अर्घ्य

अमावस्या के दिन पीपल वृक्ष में जल अर्पित कर सात परिक्रमा करें। पीपल में भगवान विष्णु और पितरों का वास माना गया है। यदि संभव हो तो किसी नदी या सरोवर में जल अर्पित कर पितरों का स्मरण करें। यह उपाय पारिवारिक क्लेश और आर्थिक अड़चनों को दूर करने वाला माना गया है।

### 4. अन्न और तिल का दान

काला तिल, उड़द, कंबल, जूते या छाता जैसे उपयोगी वस्त्रों का दान करना शुभ माना गया है। विशेष रूप से जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन कराना अत्यंत पुण्यकारी बताया गया है। दान करते समय अहंकार न रखें, बल्कि कृतज्ञता का भाव रखें। यही पितृ प्रसन्नता का मूल है।

### 5. कौवों और गाय को भोजन

धार्मिक मान्यता है कि कौवा पितरों का प्रतीक होता है। अमावस्या के दिन खीर, पूड़ी या तिल से बनी वस्तु कौवों को अर्पित करें। साथ ही गाय को गुड़ और रोटी खिलाएं। यह उपाय पितृ संतोष और परिवार में स्थिरता लाने वाला माना जाता है।

### 6. पितृ स्तोत्र और मौन साधना

इस दिन कुछ समय मौन रहकर पितरों का स्मरण करें। पितृ गायत्री मंत्र या गीता का पाठ करें। यह आध्यात्मिक साधना मन को स्थिर करती है और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का श्रेष्ठ माध्यम बनती है।

# क्या गर्भवती महिलाओं पर पड़ेगा सूर्य ग्रहण का असर? जानें क्या करें, क्या नहीं

इस वर्ष का पहला सूर्य ग्रहण 17 फरवरी को यानी कल रहने वाला है। यह ग्रहण कुंभ राशि और धनिष्ठा नक्षत्र में घटित होगा। धार्मिक दृष्टि से ग्रहण का समय संवेदनशील माना जाता है। मान्यता है कि इस अवधि में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है, इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। खासतौर पर गर्भवती महिलाओं को अधिक सतर्क रहने के लिए कहा जाता है, क्योंकि मान्यताओं के अनुसार ग्रहण का असर मां और गर्भ में पल रहे शिशु दोनों पर पड़ सकता है।

### क्या गर्भवती महिलाओं पर ग्रहण का प्रभाव पड़ेगा?

17 फरवरी 2026 को लगने वाला यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। इसके बावजूद कई लोग आस्था के आधार पर सावधानियां अपनाते हैं। माना जाता है कि ग्रहण के समय सूर्य की ऊर्जा प्रभावित होती है, जिससे मानसिक अस्थिरता या नकारात्मक विचार बढ़ सकते हैं। इसी कारण गर्भवती महिलाओं को शांत और सकारात्मक वातावरण में रहने की सलाह दी जाती है, ताकि वे तनाव से दूर रहें और शिशु पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### ग्रहण के दौरान गर्भवती महिलाएं क्या न करें?

परंपरा के अनुसार ग्रहण काल में घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। कई लोग खिड़कियां और दरवाजे भी बंद रखते हैं। भारतीय समयानुसार यह ग्रहण शाम 5:26 बजे से शाम 7:57 बजे तक रहेगा।



- ग्रहण के दौरान भोजन पकाने या खाने से बचने की सलाह दी जाती है। हालांकि आवश्यकता होने पर फल और तरल पदार्थ लिए जा सकते हैं।
- दिन में सोने से बचना बेहतर माना जाता है, क्योंकि मान्यता है कि इससे आलस्य या नकारात्मक सोच बढ़ सकती है।
- सुई, कैंची, चाकू जैसी नुकीली वस्तुओं का प्रयोग न करने की भी सलाह दी जाती है। पारंपरिक विश्वास है कि इससे गर्भस्थ शिशु पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है।

### ग्रहण के दिन क्या करें?

- मानसिक शांति बनाए रखने के लिए ध्यान, प्रार्थना या मंत्र जप करना लाभकारी माना जाता है।
- धार्मिक ग्रंथों का पाठ करने से सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।
- कुछ लोग इस दिन गुड़, गेहूं या अन्य वस्तुओं का दान करते हैं, जिसे शुभ फलदायी माना जाता है।
- सूर्य देव के मंत्रों का जप भी नकारात्मकता कम करने के लिए किया जाता है।
- इन सभी बातों का आधार धार्मिक आस्था है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं के लिए सबसे जरूरी है कि वे तनावमुक्त रहें, संतुलित आहार लें और चिकित्सकीय सलाह को प्राथमिकता दें।

# कब से शुरू होगी चैत्र नवरात्रि, जानिए मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा की तिथियां

हिंदू धर्म में चैत्र माह का विशेष महत्व होता है। यह महीना हिंदू कैलेंडर का पहला महीना माना जाता है। इसी के साथ नए हिंदू विक्रम संवत की शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही नया साल शुरू हो जाता है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। चैत्र नवरात्रि पर नौ दिनों तक देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा होती है। पहले दिन प्रतिपदा तिथि से घट स्थापना होती है। आइए जानते हैं इस साल चैत्र नवरात्रि कब से शुरू हो रही है कन्या पूजन का तिथि क्या है।

### चैत्र नवरात्रि 2026 कब से शुरू

पंचांग के अनुसार, चैत्र नवरात्रि की शुरुआत चैत्र नवरात्रि के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है।

चैत्र प्रतिपदा तिथि 19 मार्च से शुरू होगी। जो सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होगी। जिसका समापन 20 मार्च को होगा।

उदया तिथि के अनुसार 19 मार्च को चैत्र नवरात्रि की शुरुआत को होगी।

चैत्र नवरात्रि का समापन 27 मार्च को शुक्रवार होगी।



### कन्या पूजन कब ?

नवरात्रि पर कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। जिसमें अष्टमी और नवमी तिथि का खास महत्व होता है। इन दोनों ही तिथियों पर कन्या पूजन किया जाता है। साल 2026 में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि 26 मार्च और नवमी तिथि 27 मार्च को होगी।

### चैत्र नवरत्रि 2026 नौ दिन और नौ देवियां

**19 मार्च 2026-** नवरात्रि दिन 1- अमावस्या, प्रतिपदा माँ शैलपुत्री पूजा और घटस्थापना

**20 मार्च 2026-** नवरात्रि दिन 2- मां ब्रह्मचारिणी पूजा

**21 मार्च 2026-** नवरात्रि दिन 3- मां चंद्रघंटा पूजा

**22 मार्च 2026-** नवरात्रि दिन 4- मां कुष्मांडा पूजा

**23 मार्च 2026-** नवरात्रि दिन 5- मां स्कंदमाता पूजा

**24 मार्च 2026-** नवरात्रि दिन 6- मां कात्यायनी पूजा

**25 मार्च 2026-** नवरात्रि दिन 7- मां कालरात्रि पूजा

**26 मार्च 2026-** नवरात्रि दिन 8- मां महागौरी पूजा

**27 मार्च 2026-** नवरात्रि दिन 9- मां सिद्धिदात्री पूजा

## न्यूज ब्रीफ

### खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर, शाहीन की हो सकती है छुट्टी : पाक टीम सूत्र

**कराची :** भारत के खिलाफ कोलंबो में अहम मुकाबले में नाकाम रहने के बाद नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के अगले मैच में खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी की पाकिस्तानी टीम से छुट्टी हो सकती है। पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के विश्वस्त सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भारत से मिली 61 रन से हार के बाद टीम मैनेजर नावेद अकरम चीमा को नाराजगी जता दी है। सूत्र ने कहा ,'' पीसीबी अध्यक्ष प्रेमदासा स्टेडियम से मैच खत्म होने से पहले ही चले गए क्योंकि पाकिस्तान की हार तय हो चुकी थी।'' सूत्र ने यह भी कहा कि नकवी ने पीसीबी के एक आला अधिकारी के जरिये मैनेजर को संदेश दिया है कि इस तरह का प्रदर्शन स्वीकार्य नहीं है। कोच माइक हेसन ने भी ड्रेसिंग रूम में टीम से बात करके कहा कि उन्होंने अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं खेला।

### नेपाल की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा स्कॉटलैंड

**मुंबई :** पिछले मैच में इटली पर बड़ी जीत से उत्साहित स्कॉटलैंड की टीम नेपाल के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इंग्लैंड अगर सोमवार को इटली को हरा देता है तो वह ग्रुप सी में वेस्टइंडीज के बाद ऊपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन जाएगी। इससे स्कॉटलैंड बाहर हो जाएगा। नाटकीय परिस्थितियों में प्रतियोगिता में शामिल होने वाला स्कॉटलैंड हालांकि संघर्षरत नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। बेहतर नेट रन रेट (0.359) होने के बावजूद स्कॉटलैंड तीसरे स्थान पर है क्योंकि तीन मैचों में उसके केवल दो अंक हैं।

# निसांका के नाबाद शतक से ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर श्रीलंका सुपर आठ में पहुंचा




**पालेकल :** पथुम निसांका के शानदार नाबाद शतक की बदौलत श्रीलंका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। पालेकल में खेले गए ग्रुप बी के इस मैच में श्रीलंका ने 182 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को 18 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर हासिल कर लिया।निसांका ने 52 गेंदों पर नाबाद 100 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल रहे। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा शतक है। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए कुसल मेंडिस (38 गेंद में 51 रन) के साथ 66 गेंदों में 97 रन की अहम साझेदारी कर टीम की जीत की मजबूत नींव रखी। इसके बाद पवन रथनायके (15 गेंद में नाबाद 28 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 79 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान मिचेल मार्श (27 गेंद में 54 रन) और ट्रेविस हेड (29 गेंद में 56 रन) के तेज अर्धशतकों की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की। दोनों ने नौ ओवर से भी कम समय में 104 रन जोड़कर टीम को बड़े स्कोर की राह पर ला खड़ा किया था। पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर बिना किसी नुकसान के 70 रन तक पहुंच गया था।हालांकि श्रीलंका के गेंदबाजों ने मध्य और अंतिम ओवरों में शानदार वापसी की। लेग स्पिनर दुशान हेमंथा ने चार ओवर में 37 रन देकर तीन विकेट चटकाए। आखिरी चार विकेट महज छह रन के भीतर गिरने से ऑस्ट्रेलिया 181 रन पर सिमट गई।इस जीत के साथ श्रीलंका ने सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की राह कठिन हो गई है। उसे अब अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज कर अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा।

# स्मृति मंधाना को बीबीसी 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' पुरस्कार मिला




**नयी दिल्ली :** महिला वनडे विश्व कप 2025 में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को यहां एक भव्य समारोह में 2025 की बीबीसी 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर (साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी)' पुरस्कार के लिए चुना गया। शतरंज की युवा प्रतिभा दिव्या देशमुख को 20 वर्ष की उम्र में फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। पैरा एथलीट प्रीति पाल को 2024 पेरिस पैरालंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो कांस्य पदक जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी चुना गया। पूर्व निशानेबाज अंजलि भागवत को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज रही हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के साथ मौजूद मंधाना ने वीडियो संदेश में कहा, बीबीसी का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे साल का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया। 2025 महिला क्रिकेट के लिए खास साल रहा, खासकर साल के अंत में विश्व कप जीतना। मुझे खुशी है कि मैं भारत की जीत में योगदान दे सकी। बायें हाथ की 29 वर्षीय यह बल्लेबाज महिला वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतकों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं और मौजूदा खिलाड़ियों में कुल रनों के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। महाराष्ट्र के सांगली शहर की रहने वाली मंधाना को क्रिकेट की प्रेरणा उनके पिता और भाई से मिली, जो जिला स्तर पर खेल चुके हैं। पिछले वर्ष सितंबर में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 गेंदों में शतक जड़कर 50 ओवर अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में किसी भी भारतीय (पुरुष और महिला) द्वारा सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया, जो पहले विराट कोहली के नाम था। पुरस्कार विजेताओं का चयन लिएंडर पेस, दीपा मलिक और अंजू बॉबी जॉर्ज की जूरी ने किया। बीबीसी न्यूज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जोनाथन मुनरो ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ये खिलाड़ी खेल उत्कृष्टता का सर्वोत्तम उदाहरण पेश करते हैं और बीबीसी विश्व सेवा ऐसी प्रेरक कहानियों को भारत और दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आयरलैंड पर जीत दर्ज करके सुपर आठ की उम्मीद जीवंत रखने उतरेगा जिम्बाब्वे




**पल्लीकल (श्रीलंका) :** पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर शानदार जीत के बाद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम मंगलवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखकर पहली बार सुपर आठ में जगह बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। आयरलैंड पर जीत से जिम्बाब्वे के छह अंक हो जाएंगे लेकिन तब भी उसकी ग्रुप बी से सुपर आठ में जगह पक्की नहीं होगी। ऑस्ट्रेलिया (दो मैचों में दो अंक) और श्रीलंका (दो मैचों में चार अंक) अब भी छह अंक तक पहुंच सकते हैं। उस स्थिति में नेट रन रेट निर्णायक होगा। जिम्बाब्वे अपना आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को कोलंबो में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। अगर जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंच जाता है तो यह सात प्रयासों में पहली बार होगा जब उसकी टीम इस चरण में जगह बनाएगी। टूर्नामेंट में अब तक जिम्बाब्वे का प्रदर्शन शानदार रहा है। उसके तीन तेज गेंदबाजों रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस ने कोलंबो में खेले गए अपने पहले मैच में तीन तीन विकेट लेकर ओमान को केवल 103 रन पर आउट कर दिया था।

## कैनबरा होटल मामला : पीएसबी ने भुगतान के सबूत दिये, पीएचएफ विवाद के घेरे में

**कराची :** पाकिस्तानी हॉकी टीम के लिये आस्ट्रेलिया में होटल बुकिंग के एक करोड़ पाकिस्तानी रूपये से अधिक के भुगतान के सबूत पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) द्वारा दिये जाने के बाद अब पाकिस्तान हॉकी महासंघ विवाद के घेरे में आ गया है। पाकिस्तान हॉकी टीम को सिडनी हवाई अड्डे पर 13 से 14 घंटे इंतजार करना पड़ा क्योंकि कैनबरा की फ्लाइट लेने से पहले पीएचएफ न खिलाड़ियों और अधिकारियों के हवाई अड्डे पर रूकने या खाने का कोई इंतजाम नहीं किया था जिससे पीएचएफ और पीएसबी की काफी आलोचना हो रही थी। एफआईएच प्रो लीग के लिये कैनबरा पहुंचने के बाद पाकिस्तानी टीम के पास होटल नहीं था क्योंकि पीएचएफ ने भुगतान नहीं किया था। लाहौर से आस्ट्रेलिया का 24 घंटे का सफर तय करने के बाद खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ चार सितारा होटल पहुंचे जहां उन्हें बताया गया कि उनके नाम पर कोई बुकिंग नहीं है। खिलाड़ियों को अपने लगैज के साथ कैनबरा में होटल के बाहर लंबा इंतजार करना पड़ा जिसके बाद कैनबरा में रहने वाले पाकिस्तानियों ने सस्ते एयरबीएनबी होटल का इंतजाम किया। अगले दिन पाकिस्तान आस्ट्रेलिया से पहला मैच हार गया। पीएसबी ने अब पीएचएफ को 28 जनवरी को होटल के इंतजाम के लिये किये गए एक करोड़ और पांच लाख रूपये के चेक की फोटोकॉपी जारी कर दी है। इससे साबित होता है कि पीएसबी ने एयर टिकट और होटल के अलावा दैनिक भत्ते का भी भुगतान कर दिया था। पीएचएफ अपनी ओर से कहता रहा कि खिलाड़ियों और अधिकारियों को आस्ट्रेलिया में कोई तकलीफ नहीं हुई।

# जैक्स के हरफनमौला प्रदर्शन से इटली को हराकर इंग्लैंड सुपर आठ में




**कोलकाता :** विल जैक्स के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने जुझारू खेल दिखाने वाली इटली राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को 24 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। कोलकाता में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 202 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।एक समय टीम 105 रन पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी, लेकिन विल जैक्स ने 22 गेंदों पर नाबाद 54 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने छह चौके और तीन छक्के जड़े। सैम कुरेन (19 गेंद में 25 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 54 रन की तेज साझेदारी ने टीम को 200 के पार पहुंचाया। फिल साल्ट ने 15 गेंदों पर 28 रन का योगदान दिया, जबकि टॉम बेंटोन ने 30 रन बनाए। जवाब में इटली ने भी जोरदार टक्कर दी। एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर 22 रन था, लेकिन बेन मानेंटी ने 25 गेंदों में 60 रन की तूफानी पारी खेलकर मैच रोमांचक बना दिया। उन्होंने 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो टूर्नामेंट का संयुक्त पांचवां सबसे तेज अर्धशतक है। जस्टिन मोस्का (43) के साथ उनकी 92 रन की साझेदारी ने इंग्लैंड की चिंता बढ़ा दी।हालांकि जैक्स ने मानेंटी को आउट कर मैच का रुख पलट दिया। इंग्लैंड के लिए सैम कुरेन और जैमी ओवर्टन ने तीन-तीन विकेट चटकाए। इटली की टीम 20 ओवर में 178 रन ही बना सकी और इंग्लैंड ने अहम जीत के साथ सुपर आठ में अपनी जगह पक्की कर ली।

## कनाडा के खिलाफ पावरप्ले की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेगा न्यूजीलैंड

**चेन्नई :** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड की कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आ गई थी और उसकी टीम अब कनाडा के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में इन्हें दूर करने और सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगा। विश्व कप से ठीक पहले भारत में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से काफी हद तक अभ्यस्त होकर टूर्नामेंट में उतरी। अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आसान जीत ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ उसे सात विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार ने हर विभाग में, खासकर बल्लेबाजी में उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया। न्यूजीलैंड के लिए पावरप्ले की परेशानियां लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से लय बिगड़ जाती है और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को पारी को संवारने का काम करना पड़ता है। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर रचिन रविंद्र की खराब फॉर्म भी टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अगले दौर में प्रवेश करने वाला है तो न्यूजीलैंड के टीम प्रबंधन उनके जल्दी लय में लौटने की उम्मीद कर रहा होगा। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डैरिल मिचेल ने कहा, ''हम 200 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए जो हम चाहते थे। मुझे लगता है कि गेंदबाजी में भी हमारा प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा जितना होना चाहिए था।''

## अजमतुल्लाह और जादरान ने अफगानिस्तान को यूएई पर पांच विकेट की जीत दिलाई




**नयी दिल्ली :** अजमतुल्लाह उमरजई के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन और इब्राहिम जादरान के अर्धशतक की बदौलत अफगानिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ की उम्मीदों को जिंदा रखा।161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने 41 गेंदों में 53 रन (6 चौके, 1 छक्का) की संयमित पारी खेली। दारविश रसूली ने 23 गेंदों में 33 रन जोड़े, जबकि अजमतुल्लाह ने 21 गेंदों पर नाबाद 40 रन ठोककर मैच पर मुहर लगा दी। आखिरी दो ओवर में 17 रन की जरूरत थी, जिसे अजमतुल्लाह ने छक्का-चौका लगाकर आसान बना दिया।इससे पहले अफगानिस्तान ने गेंदबाजी में भी दम दिखाया। अजमतुल्लाह ने 15 रन देकर चार विकेट चटकाए, जबकि मुजीब उर रहमान ने दो विकेट लिए। यूएई की टीम नौ विकेट पर 160 रन ही बना सकी। शोएब खान ने 48 गेंदों में 68 रन की आक्रामक पारी खेली और आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की।अफगानिस्तान ने मैच की दूसरी ही गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज का विकेट गंवा दिया था, लेकिन जादरान ने पारी संभाली। पावरप्ले में टीम ने 41 रन बनाए।तीन मैचों में दो हार के बाद यह अफगानिस्तान की पहली जीत है और उसके खाते में अब दो अंक हो गए हैं। सुपर आठ की दौड़ अब भी खुली हुई है।

# व्यापार

# शेयर बाजार में जारी गिरावट थमी: बिजली, बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 650 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 212 अंक चढ़ गया। बिजली, बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। इसके अलावा, अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत के बीच रुपये और वैश्विक कच्चे तेल में स्थिरता से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट से उबरते हुए 650.39 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 83,277.15 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,565 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,747 बढ़त में रहे। वहीं 184 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,11,982.13 रुपये बढ़कर 4,68,58,625.33 करोड़ रुपये (5,170 अरब डॉलर) पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''सीमित दायरे में शुरुआत के बाद, घरेलू बाजारों में बैंक और बिजली क्षेत्र के शेयरों में नए सिरे से खरीदारी के कारण तेजी आई। मांग में निरंतर तेजी की उम्मीदों के साथ बिजली कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। साथ ही, बेहतर कर्ज वृद्धि और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता ने बैंकों में विश्वास को मजबूत किया।''

## वैश्विक डिजिटल मंचों को सांस्कृतिक संदर्भों का सम्मान, कानून का पालन करना चाहिए: वैष्णव



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि डिजिटल सामाग्री तैयार करने वाले वैश्विक मंचों को उन देशों के सांस्कृतिक संदर्भों से अवगत होना चाहिए जिनमें वे काम करते हैं और वहां के संवैधानिक और कानूनी ढांचे के अनुसार कार्य करना चाहिए। उन्होंने 'एआई के युग में हमारे रचनात्मक भविष्य को पुरस्कृत करना - नवा-चार, विश्वास और प्रतिभा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाना' विषय से आयोजित मोशन पिक्चर एसोसिएशन के चेयरमैन और सीईओ चार्ल्स रिवकिन के साथ एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के एक आधिकारिक सैटेलाइट कार्यक्रम यह बात कही। मंत्री ने कहा कि वैश्विक ओटीटी और डिजिटल सामग्री मंचों को अपने मूल देश के बजाय उस देश के संवैधानिक और कानूनी ढांचे के अनुसार काम करना चाहिए जिसमें वे कार्यरत हैं। वैष्णव ने रिवकिन से कहा, ''डिजिटल दुनिया में कोई भौतिक सीमा नहीं होती। ऐसे में ओटीटी मंचों के लिए सांस्कृतिक संदर्भ को भूल जाना बहुत आसान हो जाता है, जो कि बहुत महत्वपूर्ण है। एक समाज में जो सामान्य है, वह दूसरे समाज में सामान्य नहीं हो सकता है।'' उन्होंने कहा, ''और मुझे लगता है कि इसीलिए आपके (मोशन पिक्चर एसोसिएशन) और नेटफ्लिक्स जैसे वैश्विक मंचों को उस देश के सांस्कृतिक संदर्भ के प्रति जागरूक होना चाहिए जिसमें वे काम कर रहे हैं।'' मंत्री ने सरकार के कई कौशल विकास कार्यक्रमों के बारे में बात करते हुए कहा कि इन प्रयासों से वैश्विक मीडिया उद्योग के लिए भारत में आकर काम करने के अधिक अवसर पैदा होंगे।

## यूपीआई अब लेनदेन का सबसे पसंदीददा माध्यम, रुपे डेबिट कार्ड को बढ़ावा देने की जरूरत: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** नकद लेनदेन को पीछे छोड़ते हुए यूपीआई भुगतान का सबसे पसंदीदा माध्यम बन गया है। हालांकि, गांवों तथा छोटे कस्बों में रुपे डेबिट कार्ड के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने 13-14 फरवरी 2026 को आयोजित चिंतन शिविर के दौरान 'रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई (व्यक्ति-से-व्यापारी) लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव विश्लेषण' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण 15 राज्यों के 10,378 प्रतिभागियों को शामिल करते हुए किए गए एक व्यापक प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें 6,167 उपयोगकर्ता, 2,199 व्यापारी और 2,012 सेवा प्रदाता शामिल हैं, जो भारत के डिजिटल भुगतान परिवेश से जुड़े पक्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस सर्वेक्षण पर आगे शोध किया गया। मूल्यांकन से पता चलता है कि विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों में डिजिटल भुगतान को अपनाने में महत्वपूर्ण और निरंतर वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों में यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) सबसे पसंदीदा लेनदेन माध्यम बनकर उभरा है।

### छोटे उद्यमों के लिए समय पर कर्ज उपलब्धता में सुधार लाना प्राथमिकता: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वित्तीय संस्थानों से समय पर और पर्याप्त कर्ज उपलब्धता में सुधार करना केंद्रीय बैंक की प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं में से एक है। केंद्रीय बैंक के संबंधित पक्षों के साथ निरंतर बैठकों के तहत, मल्होत्रा ने चुनिंदा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। आरबीआई के बयान के अनुसार, मल्होत्रा ने देश के आर्थिक परिदृश्य में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जो जीडीपी, निर्यात और आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा एमएसएमई के लिए वित्तीय संस्थानों से समय पर और पर्याप्त ऋण की उपलब्धता में सुधार करना रिजर्व बैंक की प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं में से एक है। आरबीआई गवर्नर ने केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक की तरफ से इस क्षेत्र के लिए उठाये गये विभिन्न नीतिगत और नियामकीय कदमों का उल्लेख किया।

### चांदी में दो प्रतिशत की गिरावट, सोना 700 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें दो प्रतिशत घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 5,000 रुपये या 1.96 प्रतिशत घटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई, जो शुक्रवार को 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गया, जो पिछली बार 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### आरबीआई ने रुपये से जुड़े विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव लेनदेन सूचना के लिए मानदंड का मसौदा जारी किया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए रुपये से जुड़े विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव लेनदेन से संबंधित सूचना के लिए सोमवार को मानदंड का मसौदा जारी किए। इनके तहत बैंकों को वैश्विक स्तर पर संबंधित पक्षों द्वारा किए गए रुपये से जुड़े विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव (वायदा, विकल्प) लेनदेन की सूचना देनी होगी। इस कदम का उद्देश्य बाजार प्रतिभागियों को बेहतर मूल्य निर्धारण निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। रिजर्व बैंक ने कहा कि वह ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) विदेशी मुद्रा, ब्याज दर और क्रेडिट डेरिवेटिव के बाजारों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कई उपाय कर रहा है। इन उपायों के तहत, ओटीसी डेरिवेटिव में सभी लेनदेन की रिपोर्ट भारतीय समाशोधन निगम लि. (सीसीआईएल) के ट्रेड रिपॉजिटरी (टीआर) को दी जाती है। हालांकि, अपारदर्शिता का एक पहलू अभी भी मौजूद है क्योंकि बड़ी संख्या में विदेशी रुपये के डेरिवेटिव लेनदेन की रिपोर्ट नहीं की जाती है और इसलिए, वे बाजार प्रतिभागियों के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं। इस कमी को आंशिक रूप से तब दूर किया गया जब अक्टूबर, 2022 में स्वतंत्र प्राथमिक डीलरों को अपने संबंधित पक्षों द्वारा विश्व स्तर पर किए गए सभी रुपये के डेरिवेटिव लेनदेन की रिपोर्ट करना अनिवार्य कर दिया गया।

## भारी भीड़, लंबी कतारों के बीच 'भारत मंडपम' में एआई सम्मेलन का आगाज



**नयी दिल्ली :** दुनिया का सबसे बड़ा एआई शिखर सम्मेलन सोमवार को भारी भीड़ और लंबी कतारों के बीच यहां 'भारत मंडपम' शुरू हुआ। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में प्रौद्योगिकी और उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता, संस्थापक और विशेषज्ञ शामिल होंगे। राष्ट्रीय राजधानी में सम्मेलन के प्रतिनिधियों, वक्ताओं और मेहमानों के स्वागत के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं। सम्मेलन के सुबह साढ़े नौ बजे से काफी पहले ही भारत मंडपम के बाहर लंबी कतारें लग गईं, जो इस विषय और सम्मेलन में लोगों की गहरी रुचि को दर्शाता है। वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गज सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन और एंथ्रोपिक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दारियो अमोडेई के सत्र बुधवार से पहले शुरू नहीं होंगे। शिखर सम्मेलन के अंतिम दो दिन 19 और 20 फरवरी को दुनिया के 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के प्रमुख हिस्सा लेंगे। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा शामिल होंगे।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3506 अंक 316 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in